* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 59

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राम मंदिर में सोने की पादुकाएं विराजित होंगी, 1 किलो सोना और 7 किलो चांदी से बनायी गयीं



# ‘गूंज महोत्सव’ का आगाज, रांची से सिल्ली तक गूंज

## राज्यपाल ने किया महोत्सव का उद्घाटन : सबको एक प्लेटफार्म पर लाने का मंच है गूंजः सीपी राधाकृष्णन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** उत्साह, उल्लास और उमंग के बीच सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव-2023 का सोमवार को आगाज हो गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और विकास यात्रा की धड़कन है। गूंज महोत्सव एक उत्सव ही नहीं, सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। अनेकता और विविधता के बीच एकता की ताकत है। इस वृहद और भव्य आयोजन में शिरकत करने की खुशी है। हम सभी जानते हैं कि हमारी परंपरा, संस्कृति, रीति-रिवाज विश्व में सबसे खूबसूरत है। हमारी संस्कृति हमें किसी भी आधार पर भेदभाव करना नहीं सिखाती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए गूंज परिवार के संरक्षक और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंडी संस्कृति, परंपरा और चेतना को सहेजने के साथ सेवा और विकास के सकारात्मक प्रयास बेहद सराहनीय हैं।

राज्यपाल छऊ नृत्य कलाकारों और स्कूली छात्राओं का मनोहर संस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन देख कर भाव विभोर हुए। उन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव सिर्फ वर्तमान परिदृश्य से परिचय नहीं कराता है, बल्कि अतीत के बारे में बताता है और भविष्य की राह भी दिखाता है। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें मालूम हुआ है कि गूंज ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। यह इस क्षेत्र के लिए गौरव, गुमान का आयोजन है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा यही बताती है कि कला, हुनर और नारी शक्ति का सम्मान करना चाहिए। गूंज महोत्सव में नारी और युवा शक्ति का सम्मान अभूतपूर्व और अद्भुत है।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मोमेंटो देतीं झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो और विधायक सुदेश महतो।

कार्यक्रम में सुदेश कुमार महतो और नेहा महतो ने राज्यपाल को मोमेंटो और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले राज्यपाल और उनके परिवार के सदस्यों की अगवानी करते हुए मंच पर ले जाया गया। उदघाटन मौके पर एक साथ 5001 छऊ नृत्य कलाकारों ने अनूठी परंपराओं, लोककथाओं, लोकाचार, सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक आख्यानों की जीवंत अभिव्यक्ति का प्रदर्शन करते हुए खूबसूरत समां बांधा। इसके बाद दस हजार स्कूली छात्राओं की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन जीत लिया। गौरतलब है कि पिछले साल गूंज महोत्सव के दौरान इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सुब्रतो दास ने छऊ नृत्य को पारंपरिक नृत्य के तौर पर इस रिकॉर्ड्स में शामिल करने की घोषणा की थी।

**बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि :** इससे पहले धरती पुत्र, झारखंड आंदोलन के प्रणेता और लड़ो, पढ़ो और बड़ों का नारा देनेवाले बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्टेडियम परिसर में लगी उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के साथ सुदेश कुमार महतो, आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, हरेलाल महतो, झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो ने फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सुदेश महतो ने बिनोद बाबू के सपने को साकार करने के लिए सशक्त, और शिक्षित समाज का आह्वान किया। (पेज 05 भी देखें)

## विश्व पटल पर गूंज रहा सिल्ली : सुदेश महतो

सिल्ली (आजाद सिपाही) । महोत्सव के संरक्षक सह विधायक सुदेश महतो ने राज्यपाल और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव का आयोजन हमारे लिए एक दायित्व है। इस दायित्व बोध को समझते हुए गूंज से जुड़े 70 हजार परिवारों की चर्चा भी जरूरी है, जो हमारी ताकत और क्षमता को ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव की जड़ें गहरी हैं। असहायों और साधारण लोगों के बीच मानवीय सेवा करने की कोशिशों को हम लगातार आगे बढ़ाते हुए इस जड़ को मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं। सुदेश ने कहा कि राजनीति में सेवा कठिन है, लेकिन हमने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए क्षेत्र के विकास को नया स्वरूप दिया है। शिक्षा, चिकित्सा और न्याय व्यवस्था हर आम आदमी के लिए सुलभ हो, यही हमारा ध्येय है। अगले चार-पांच वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखेगा। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम शूरू है। महामहिम ने आज सिल्ली की धरती को सुशोभित करते हुए गूंज महोत्सव के सफर में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। उनका आगमन गूंज परिवार के लिए अभिमान है।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)




NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS, DMLT, ECG, X-RAY, OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

### न्यूज रील्स

#### केजरीवाल को इडी ने 21 को पूछताछ के लिए बुलाया

नयी दिल्ली। दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन जारी कर दिया है। यह दूसरी बार है जब ईडी ने पेश होने के लिए दूसरी बार समन जारी किया है। ईडी ने समन में 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले बीती दो नवंबर को ईडी ने शराब घोटाला मामले में समन जारी कर बुलाया था। लेकिन विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम में व्यस्त होने की वजह से पेश नहीं हुए थे। नोटिस में उन्हें दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## विधानसभा में पेश की गयी विशेष समिति की अनुशंसा

# सीएम, स्पीकर, मुख्य सचेतक नेता प्रतिपक्ष के वेतन-भत्ते बढ़ेंगे

- विधायकों के वेतन-भत्ता बढ़ोत्तरी की अनुशंसा पहले ही की गयी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के माननीयों का वेतन और भत्ता बढ़नेवाला है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को सीएम, स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतकों, सचेतकों के वेतन-भत्ते और अन्य सुविधाओं में वृद्धि से संबंधित प्रतिवेदन पेश किया गया। इस संबंध में गठित समिति और उसके द्वारा तैयार प्रतिवेदन में वेतन-भत्ते और अन्य सुविधाओं की समीक्षा और वृद्धि को लेकर कई सुझाव दिये गये हैं। विधायकों के वेतन-भत्ता बढ़ोत्तरी की अनुशंसा पहले ही की जा चुकी है। इसे इस प्रतिवेदन के साथ माना जायेगा। सदन पटल पर रखे गये प्रतिवेदन के अनुसार वर्तमान में मुख्यमंत्री को वेतन के तौर पर 80 हजार रुपये का प्रावधान है। इसे एक लाख रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा समिति ने की है। मंत्री-राज्य मंत्री, उप मंत्री को 65 हजार के बदले 85 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गयी है। क्षेत्रीय भत्ते के तौर पर सीएम, मंत्रियों को 80 हजार के बदले 95 हजार रुपये दिये जाने की अनुशंसा है। इसी तरह आवास ऋण के तौर पर सीएम, मंत्री को चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर देय 40 लाख रुपये की सुविधा को 50 लाख रुपये किये जाने का सुझाव दिया गया है। प्रभारी भत्ता, सत्कार भत्ता में वृद्धि के अलावा यात्रा, उपस्कर-आवास की साज-सज्जा के लिए पूर्ववत की व्यवस्था को बनाये रखने की अनुशंसा की गयी है।

विधानसभा स्पीकर के लिए वर्तमान में प्रतिमाह वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 78 हजार रुपये के बजाए 98 हजार रुपये किये जाने की अनुशंसा की गयी है। अध्यक्ष के क्षेत्रीय भत्ता के तौर पर 80 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि को 95 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की हुई है। सत्कार भत्ता को 60 हजार रुपये की जगह 70 हजार रुपये प्रतिमाह करने को कहा गया है।

नेता प्रतिपक्ष के वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 65 हजार रुपये के बजाय 85 हजार रुपये प्रतिमाह करने की सिफारिश की गयी है। वहीं मुख्य सचेतक को वेतन के तौर पर 55 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 75 हजार रुपये प्रतिमाह, सचेतक को 40 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 60 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गयी है। वेतन-भत्ता, सुविधाओं में वृद्धि के मामले में एक विशेष समिति पूर्व में गठित की गयी थी। विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि की अनुशंसा पूर्व में की गयी थी। इसे भी इस अनुशंसा के साथ जोड़ने को कहा गया है।

### वेतन-भत्ते और सुविधाओं में वृद्धि का प्रस्ताव

| पदनाम | वर्तमान वेतन-भत्ता | प्रस्तावित |
|---|---|---|
| सीएम | 2.30 | 2.65 |
| स्पीकर | 2.18 | 2.61 |
| डिप्टी स्पीकर | 1.65 | 2.10 |
| नेता प्रतिपक्ष | 1.90 | 2.35 |
| मुख्य सचेतक | 1.50 | 1.95 |
| उप मुख्य सचेतक | 1.45 | 1.90 |
| सचेतक | 1.35 | 1.80 (राशि लाख में) |

नोटः इसके अलावा प्रभारी भत्ता, यात्रा, चिकित्सीय, आवास व मोटर ऋण, उपस्कर एवं आवास साज-सज्जा के लिए अलग से भत्ते का प्रावधान है। विधायकों के भी -साथ ही विधानसभा के सभी सदस्यों को एक कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए 35 हजार और वाहन चालक को 30 हजार रुपये प्रतिमाह पर देने के प्रावधान की भी अनुशंसा की गयी है। इनके आयकर का भुगतान पूर्व की तरह राज्य सरकार के द्वारा ही किया जायेगा।

# शीतकालीन सत्र के 11वें दिन 78 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

- इनमें 33 लोकसभा और 45 राज्यसभा के
- सुरक्षा में सेंध पर हंगामा किया था


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार को दोनों सदनों से 78 सांसद निलंबित कर दिये गये। असल में संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने 33 सांसदों को निलंबित कर दिया। इनमें नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के 11 सांसद, तृणमूल कांग्रेस के नौ, डीएमके के नौ और चार अन्य दलों के सांसद शामिल हैं। इसके बाद राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। इसके चलते सभापति जगदीप धनखड़ ने 45 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

इससे पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से 13 सांसद निलंबित किये गये थे। इनमें कांग्रेस के नौ, सीपीआइ (एम) के दो, डीएमके और सीपाअइ के एक-एक सांसद थे। इनके अलावा राज्यसभा में भी एक सांसद को निलंबित किया गया था। शीतकालीन सत्र से अब तक कुल मिला कर 92 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है।

गौरतलब है कि राज्यसभा में सांसदों की संख्या 245 है। इसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों के 105, आइएनडीआइए के 64 और अन्य 76 हैं। इनमें से विपक्ष के 46 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिये गये हैं। वहीं, लोकसभा में इस समय सांसदों की संख्या 538 है। इसमें एनडीए के 329, आइएनडीआइए के 142 और अन्य दलों के 67 सांसद हैं। इनमें से 46 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित हो चुके हैं।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्वर्गीय युवराज कृष्ण महेन्द्रु
(1929-2013)
दसवीं पुण्यतिथि : 19 दिसम्बर 2023
आपने सदैव सबका कल्याण किया, सबको साथ लेकर चलते रहे।
सुख समृद्धि की वर्षा करते रहे। आपके पुण्यकर्म हमारी अनमोल विरासत है।
आपका अनुसरण करते हुए हम जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।
आपके आशीर्वाद की आकांक्षी
श्रीमती सरला देवी महेन्द्रु (पत्नी)
शौर्य, सृष्टी, प्राणजल, कबीर, रौनक, सिद्धि, कान्हा तथा समस्त परिवार एवं शुभचिंतकगण
आवास
मकान संख्या- 2K76,77,80 बरियातु हाऊसिंग कॉलोनी, राँची-9
मेसर्स राणा ऑटोमोबाइल्स, करमटोली, बरियातु रोड, राँची-8, फोन: 7909023601
मेसर्स सृष्टि इंटरप्राइजेज, बरियातु, राँची, फोन : 0651-2547677, 9835160928
निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्व. युवराज कृष्ण महेन्द्रु जी के दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर
इस शिविर में प्रख्यात फिजिशियन डॉ. कुमार आशुतोष एवं प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल प्रसाद द्वारा जांच एवं सलाह दिया जायेगा
दिनांक :- 19.12.2023 | समय :- 2.00 बजे से 5.00 बजे तक
स्थान :- सीताराम मंदिर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, रांची
कृपया समय से पूर्व रजिस्ट्रेशन करा लें 9835160928

## सरकार की 29 दिसंबर को चौथी वर्षगांठ, सीएम ने की घोषणा

# नौ हजार युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्रः हेमंत सोरेन

- हजारीबाग में ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम

**दीपक सिंह**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सरकार दिल्ली और रांची के बंद और एयर कंडीशंड कमरे से नहीं, बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है। जिस गांव में आने-जाने का रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं तथा आपको लाभान्वित कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को हजारीबाग के इचाक प्रखंड के तेतरीय ग्राम में ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने सरकार और निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में उठाये गये कदम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 29 दिसंबर को चाल वर्ष पूरा कर रही है। इस अवसर पर आठ से नौ हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार गांव और पंचायत में शिविर लगा कर लोगों की बुनियादी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ उसका समाधान भी कर रही है। इस शिविर को लेकर लोगों में उत्साह है। इससे पहले 2021 और 2022 में दो बार ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इनमें समस्याओं की सूची बनी। प्राथमिकता तय हुई और फिर योजना बना कर उसे धरातल पर उतारा जा रहा है। अधिकारियों को गांव-गांव जाकर लोगों की समस्या सुनने, आवेदन लेने और उनका समाधान करने की जिम्मेदारी तय की गयी। सड़क, 24 घंटे बिजली, पानी और अन्य बुनियादी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार लगातार आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, ग्रामीण बस सेवा आदि तमाम योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा, रोजगार, महिला, सशक्तिकरण, किसान, गरीब, पिछड़ा समेत हर वर्ग के लिए सरकार योजनाएं चला रही है। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। सभी लोग आगे आयें और सरकार की योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि गांव को मजबूत किये बिना राज्य को मजबूत नहीं कर सकते। यही वजह है कि हमारी सरकार उस नींव को मजबूत कर रही है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। झारखंड एक युवा राज्य है। वर्ष 2025 में यह राज्य 25 वर्ष का हो जायेगा । हमने यह लक्ष्य तय किया है कि आनेवाले दो वर्षों में झारखंड को इतना ताकतवर राज्य बनायेंगे कि वह अपने आपमें हर काम के लिए सक्षम होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 773 करोड़ 30 लाख 10 हजार रुपये की 536 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया । वहीं, विभिन्न योजनाओं के 2 लाख 47 हजार 842 लाभुकों के बीच 247 करोड 81 लाख 40 हजार 98 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गयी। कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता और विधायक उमाशंकर अकेला, अमित कुमार यादव, अम्बा प्रसाद के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# अयोध्या की सूरत ही नहीं, किस्मत भी बदल देगा श्रीराम का मंदिर

## ■ मंदिर बन जाने से भारत की इस पौराणिक नगरी की अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

## ■ देश के सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा अयोध्या

भारत की सबसे पवित्र और पौराणिक नगर अयोध्या में श्रीराम का जो भव्य मंदिर बन रहा है, उसके बारे में तरह-तरह की बातें की जा रही हैं, लेकिन इस मंदिर निर्माण के एक पहलू की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया है। वह है इस मंदिर के कारण अयोध्या समेत पूरे इलाके का आर्थिक विकास। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि प्रभु श्रीराम का मंदिर अयोध्या का वर्तमान स्वर्णिम भविष्य की रूपरेखा तय कर रहा है, जिसमें न सिर्फ इतिहास-भूगोल, बल्कि अर्थव्यवस्था की तस्वीर भी बदलेगी। राम मंदिर निर्माण के साथ इतिहास परिमार्जित हो रहा है, तो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन से अयोध्या की आर्थिक सेहत भी सुधर रही है। वर्तमान में अयोध्या में सालाना आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक करोड़ के आसपास रहती है, जो निकट भविष्य में चार से पांच करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इससे न सिर्फ होटल उद्योग को लाभ होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अयोध्या में विविध क्षेत्रों की कंपनियों की निवेश की मंशा इससे भी समझी जा सकती है कि यहां पहली बार आयोजित निवेशक सम्मेलन में अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियों ने 19 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू किया। इसमें होटल और वाटर पार्क के अलावा कई अन्य उद्योग लगाने के प्रस्ताव थे। इसके अलावा उम्मीद की जा रही है कि राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में रियल इस्टेट का कारोबार भी गति पकड़ेगा। भव्य अयोध्या में एक ओर जहां 25 से अधिक राज्यों के अतिथि गृहों का निर्माण होगा, तो दूसरी ओर अन्य देशों के भी अतिथि गृह बनाये जायेंगे। इसके साथ ही ग्रीन फील्ड टाउनशिप का निर्माण भी प्रस्तावित है। क्या होगा अयोध्या की अर्थव्यवस्था में बदलाव, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**


राकेश सिंह

भारत में अयोध्या की तर्ज पर ही अन्य धार्मिक स्थल भी विकसित किये गये हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर विकसित किया जा चुका है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। पावागढ़ गुजरात में ही मां कालका मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम प्रोजेक्ट पर भी काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हुआ है। असम में माता कामाख्या कॉरिडोर बन रहा है। पूरे भारत में ही धार्मिक स्थलों को विकसित कर देश में धार्मिक एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत के पर्यटन मंत्रालय के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2021-22 में भारत में पर्यटन गतिविधियों से 1.34 लाख करोड़ रुपये की आय हुई है, जबकि वर्ष 2020-21 में धार्मिक पर्यटन से 65 हजार करोड़ रुपये की आय हुई थी। इस प्रकार भारत में विकसित किये जा रहे विभिन्न धार्मिक स्थलों के कारण पर्यटन की गतिविधियों से आय मात्र एक वर्ष के अंतराल में ही दोगुनी से भी अधिक हो गयी है। सेंटर फॉर सोशल इंपैक्ट एंड फिलांथ्रॉपी के अनुसार वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में विभिन्न मंदिरों को मिलने वाला घरेलू दान 14 प्रतिशत बढ़कर 27 हजार करोड़ रुपये का हो गया है, जबकि वर्ष 2020-21 में 23 हजार सात सौ करोड़ रुपये का दान विभिन्न मंदिरों को प्राप्त हुआ था। विशेष रूप से वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकसित किये जाने के बाद से काशी विश्वनाथ मंदिर को मिलने वाला दान पांच सौ प्रतिशत बढ़ गया है। वर्ष 2021-22 में काशी विश्वनाथ मंदिर को एक सौ करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ था। साथ ही इस दौरान वाराणसी में धार्मिक पर्यटन भी एक हजार प्रतिशत बढ़ गया है। इसी प्रकार उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के विकसित होने के बाद बाबा महाकाल मंदिर में धार्मिक पर्यटन 18 सौ प्रतिशत बढ़ा है। इन धार्मिक स्थलों पर पर्यटन बढ़ने से चूंकि व्यापार बढ़ रहा है, अतः इन क्षेत्रों में रोजगार के हजारों नये अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। अब तो वृंदावन में भी बांके बिहारी कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं का बांके बिहारी मंदिर में पहुंचना आसान हो सके।



इसके साथ ही अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार दुनिया भर के हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग पांच सौ वर्षों से कर रहे हैं। पांच अगस्त 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल और परम पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही क्या, बल्कि पूरे विश्व में ही इसको लेकर हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं और पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

विशेष रूप से प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गयी है, बल्कि भव्य मंदिर के साथ-साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेद पाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो। प्रभु श्रीराम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर भी कहा जा रहा है, क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान करायेगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिंदू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है। अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिंदू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ-साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवास करनेवाले हिंदू धर्मावलंबियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में संपन्न दीपावली के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दीये जलाये गये थे। यह अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में करीब एक करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के बाद पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है, अर्थात 10 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए दो हजार रुपये का खर्च भी करता है, तो 20 हजार करोड़ रुपये का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे। इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपये का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिसॉर्ट का निर्माण करने के लिए 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। इनमें कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेलवे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। इन व्यवस्थाओं के विकसित होने के बाद अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नये रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाये रखने के लिए कई प्रकार के छोटे-छोटे उद्योग-धंधे भी अयोध्या के आसपास के गावों में विकसित होंगे। फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने लगेगी, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा। अपने आप में अयोध्या आस्था के केंद्र के साथ-साथ एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम तो अपने मंदिर में विराजेंगे ही, साथ ही इस क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को भी आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ होने जा रहा है। अयोध्या में पूरे विश्व से पर्यटकों के आने से उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख ही लग जायेंगे।

# पीएम मोदी ने भोजपुरी में शुरू किया संबोधन 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सुपरहिट हो गयी'

**राजनीतिक हलचल**



आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा' हजारों गांवों, हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। करोड़ों लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं। इस यात्रा में जो गाड़ी चल रही है, उसको देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी कहते हैं। आस्था और आध्यात्म के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काशी का गौरव दिन-प्रतिदिन बुलंद होता जा रहा है। हमारा प्रयास है कि भारत सरकार ने गरीब कल्याण की, जन-कल्याण की जो भी योजनाएं बनायी हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एकदम सुपरहिट हो गयी है। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा। विकसित भारत के लिए देश की नारीशक्ति, युवा शक्ति, किसान और हर गरीब का विकास होना बहुत जरूरी है। आधुनिक कनेक्टिविटी और सुंदरीकरण से क्या बदलाव आता है, ये हम काशी में देख रहे हैं। आस्था और अध्यात्म के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काशी का गौरव दिन-प्रतिदिन बुलंद होता जा रहा है। आज बनारस रेल इंजन कारखाने में निर्मित 10 हजारवें इंजन का भी संचालन हुआ है। ये मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सशक्त करता है।

### जो पहले विदेश घूमने जाते थे , वो आज अपना देश घूम रहे

विकसित भारत संकल्प यात्रा एक चलता फिरता विश्वविद्यालय है। इन दो दिनों में मैंने बहुत सीखा। आज की परियोजनाओं से काशी के विकास को गति मिलेगी। मैंने लाल किले से कहा था। हमें कम से कम 15 शहरों में घूमना चाहिए। मुझे खुशी है जो पहले विदेश घूमने जाते थे वो आज अपना देश घूम रहे हैं। पर्यटन बढ़ता है तो विकास बढ़ता है। पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ गयी है। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

जो बाहर से आता है उसे कैसे पता होगा कि ये मलइयो का मौसम है। गौदोलिया की चाट और रामनगर की लस्सी की जानकारी भी आज काशी वेबसाइट पर मिल जाती है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी से चार नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा, काशी के सब लोगन के हमार प्रणाम बा। का कहल जाला बनारस में..जिया राजा बनारस। पीएम ने कहा मुझे आपसे शिकायत है। इस बार देव दीपावली पर मैं यहां नहीं था लेकिन आप लोगों ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिया। काशीवासियों ने जो काम दिखाया है, दुनिया जब उसका गौरवगान करती है तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होती है। जब काशी का विकास होता है तो यूपी का विकास होता। जब यूपी का विकास होता है तब देश का विकास होता है। इसी भाव के साथ आज भी यहां करीब 20 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

### नया भारत मोदी की गारंटी का है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनसभा में स्वागत करते हुए कहा कि ये नया भारत मोदी की गारंटी का है। देश के अंदर ये परिवर्तन विश्वास का परिवर्तन है। ये नया भारत मोदी की गारंटी का है। उन्होंने लोगों से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि हम 2047 में भारत को विकसित भारत बनायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासी नये भारत की अनुभूति कर रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों का विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि देश में पहली बार गरीब किसी सरकार का एजेंडा बने हैं। बिना किसी भेदभाव के। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाभार्थियों से सीधा संवाद करने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार देश का कोई प्रधानमंत्री समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के साथ मिल-बैठकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व उसके प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों के हितों के लिए आगे और क्या किया जा सकता है उसकी भी चर्चा प्रधानमंत्री सीधे लोगों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन लोगो के विश्वास का है। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी गारंटी वाली गाड़ी की चर्चा करते हुए कहा कि यह भी लोग पहली बार देख रहे हैं कि लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के प्रगति व उसे प्राप्त करने की बाबत संपूर्ण जानकारी लाभार्थियों से सीधे प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 09 वर्षों में बदलते काशी को देखा है।

सेवापुरी के बरकी में सीएम योगी ने संबोधन दिया। सीएम ने कहा, देश के अंदर ये परिवर्तन विश्वास का परिवर्तन है। मेरा सबसे अनुरोध है कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ायें। हम 2047 में भारत को विकसित भारत बनायेंगे। काशी में आपने नयी काशी को देखा है। नये कलेवर के साथ लोग काशी देख रहे हैं। पीएम आज खुद 19 हजार करोड़ की सौगात देने आये हैं।

देश में पिछले साढ़े 9 साल में जो परिवर्तन देखने को मिला है वह विश्वास का परिवर्तन है। यह नया भारत पीएम मोदी की गारंटी का भारत है, यह नया भारत बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ हर नागरिक को देने की गारंटी देता है और यही पीएम मोदी की गारंटी है।

# एएसआइ ने ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी

## मुस्लिम पक्ष बोला- सार्वजनिक न करें


**अमेरिका में तैयार की गयी जीपीआर रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले में एएसआइ के एडिशनल डायरेक्टर ने वाराणसी के जिला जज को सील बंद रिपोर्ट सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट 1000 से ज्यादा पेज की है। एएसआइ को ज्ञानवापी के सर्वे के दौरान खंडित मूर्तियां, घड़ा, चिह्न जैसे 250 अवशेष मिले थे। इन्हें डीएम की निगरानी में लॉकर में जमा कराया गया था। इनको भी कोर्ट में पेश किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, कोर्ट को 2 पेन ड्राइव, 2 हार्ड डिस्क, 1000 पेज से अधिक की पीपीटी रिपोर्ट सौंपी गयी है। सबसे बड़ी बात यह है कि जीपीआर रिपोर्ट अमेरिका में तैयार की गयी है। हैदराबाद की जीपीआर टीम ने ज्ञानवापी में सर्वे किया था। जीपीआर तकनीकी से ढांचे को बिना टच किये उसके नीचे मौजूद कंक्रीट, केबल, धातु, पाइप या अन्य वस्तुओं की पहचान की जाती है।

सर्वे रिपोर्ट पेश होने से पहले मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया ने कोर्ट में एप्लिकेशन दी। इसमें मांग की कि सर्वे की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश हो और बिना हलफनामे के किसी को भी इसे सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाये। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि 21 दिसंबर को अगली सुनवाई है।



### ज्ञानवापी के वजूखाने को छोड़कर सर्वे का था आदेश

एएसआइ सर्वेक्षण की मांग को लेकर 16 मई को याचिका दायर की गयी थी। इसे दायर करने वाली चार महिलाओं की अगुआई वकील विष्णु शंकर जैन ने की थी। हिंदू पक्ष के वकील जैन ने वहां हिंदू मंदिर के प्रतीक चिह्न मिलने का दावा किया था। इसके बाद वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट ने 21 जुलाई 2023 को ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने को छोड़कर बाकी सभी हिस्से और तहखानों के सर्वे का आदेश दिया था।

विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मैंने कोर्ट में एप्लिकेशन दी है कि रिपोर्ट की कॉपी हमें दी जाये। उन्होंने एएसआइ के सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश करने पर भी आपत्ति जतायी। कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सील बंद रिपोर्ट जमा करने से मना किया था। इससे पहले, रिपोर्ट सब्मिट करने के लिए सुरक्षा के बीच 5 सदस्यीय एएसआइ टीम जिला कोर्ट पहुंची। एएसआइ सुपरिंटेंडेंट अविनाश मोहंती और भारत सरकार के वकील अमित श्रीवास्तव ने रिपोर्ट पेश की। एएसआइ की टीम सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए 5 बार एक्सटेंशन ले चुकी थी। आज वादी-प्रतिवादी और दोनों पक्षों के सभी वकील मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.24 बजे |



**शीतकालीन सत्र :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

# हंगामे के बीच 8111.75 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश




## बिनोद बिहारी महतो को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर में झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं स्पीकर समेत अन्य विधायकों ने भी श्रद्धांजलि दी।

**हाइस्कूल मांडर के बच्चों ने देखी कार्यवाही :** झारखंड विधानसभा और सदन की कार्यवाही का अवलोकन करने पहुंचे उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरपदा मांडर के स्कूली बच्चों से भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मिले।



ऊर्जा 47401 करोड़, खाद्य आपूर्ति के लिए 52808 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन यानी सोमवार को हंगामे के बीच 8111.75 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट पेश किया। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसमें कृषि प्रभाग के लिए 977 करोड़, पशुपालन के लिए 925 करोड़, सहकारिता के लिए 4170 करोड़, ऊर्जा के लिए 47401 करोड़, खाद्य आपूर्ति के लिए 52808 करोड़, स्वास्थ्य के लिए 28005 करोड़, वन-पर्यावरण के लिए 23078 करोड़, गृह विभाग 21985 करोड़, सूचना जनसंपर्क के लिए 11159 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 109932 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## 21 को चयन समिति की बैठक

**रांची।** मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 21 दिसंबर को होगी। अल्पसूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जानकारी दी गयी है। सरकार ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। अब 21 दिसंबर को यह बैठक होगी। सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 63 और पांच सूचना आयुक्त के पद के लिए 354 आवेदन मिले हैं।

**विरोध :** धीरज साहू के यहां करोड़ों बरामदगी और सीएम को इडी के समन पर बरपा हंगामा

## बिफरे स्पीकर, कहा-सदन को हास्यास्पद मत बनाइये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन धीरज साहू और सीएम को इडी का समन को लेकर खूब हंगामा बरपा। विधानसभा के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की। सदन के बाहर पहले दिन की ही तरह ही सोमवार को भाजपा के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर हेमंत सोरेन सरकार को घेरते नजर आये। एक तरफ भाजपा विधायकों ने सीएम को भेजे जा रहे इडी के समन को लेकर सवाल उठाये, तो दूसरी तरफ सरकार के चार साल के कार्यकाल की सीबीआइ जांच कराने तक की मांग की। सदन के अंदर कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के आवास से भारी नकदी बरामदगी का मामला उठाया। इसे लेकर भाजपा के विधायक आसन के समक्ष आये। कांग्रेस पार्टी हाय-हाय, सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दो के नारे लगाने लगे। इस पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि यह राज्यसभा का विषय है। उन्होंने भाजपा विधायकों से कहा कि अगर आपको यह आचरण अच्छा लग रहा है, तो ठीक है। कहा कि सदन को हास्यास्पद मत बनाइये।

## समन की अनदेखी संवैधानिक संकट की स्थिति : बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार राजनीति के लिए विधानसभा का उपयोग कर रही है। सीएम इडी के समन की अनदेखी कर रहे हैं। यह संवैधानिक संकट की स्थिति है। इधर, मंत्री आलमगीर आलम ने विपक्ष पर राजनीति का आरोप मढ़ा। इस दौरान भी भाजपा विधायक आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे, जिसे देखते हुए कार्यवाही 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके बाद कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। भाजपा विधायक इस बार भी आसन के समक्ष नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच स्पीकर ने भाजपा विधायक अनंत ओझा और भानु प्रताप शाही के लाये गये कार्यस्थगण के प्रस्ताव को अमान्य कर दिया। इससे बाद भाजपा विधायक वेल में आकर धीरज साहू मामले को लेकर हंगामा करने लगे।

इस पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि सदन का बेजा इस्तेमाल मत करिये। आसन को उत्तेजित मत करिये। पार्लियामेंट में ऐसा करने पर क्या हुआ, यह देखिये। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से अपने साथियों को आसन पर बिठाने को कहा। विधायक प्रदीप यादव ने होमगार्ड की बहाली के सवाल के साथ जातिगत जनगणना के सवाल का नेता प्रतिपक्ष ने विरोध किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जैसे इडी के समन और धीरज साहू

## धीरज का पैसा बिजनेस से आया है: आलमगीर आलम



के बातों को सदन से कोई लेना-देना नहीं है। वैसे ही जातिगत जनगणना की बातों का भी सदन से लेना-देना नहीं होना चाहिए। अमर बाउरी ने साफ कहा कि सीएम हेमंत सोरेन इडी के समन पर हाजिर नहीं हो रहे हैं। वह केंद्रीय जांच एजेंसी के समन की अवहेलना कर रहे हैं। सरकार को क्यों इस्तीफा नहीं देना चाहिए, इस पर बहस करायी जाये। नेता प्रतिपक्ष की बातों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि धीरज साहू के यहां जो राशि मिली है, उसका जवाब आइटी को देना है ना कि कांग्रेस पार्टी को। आगे उन्होंने कहा कि धीरज साहू का काफी लंबा-चौड़ा पारिवारिक व्यापार है। धीरज साहू कांग्रेस से सांसद जरूर हैं, लेकिन उनके यहां मिली राशि पर कांग्रेस को जवाब देने की जरूरत नहीं। साथ ही इडी के समन पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इडी को सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से जवाब दिया जा रहा है। यह एक कानूनी प्रक्रिया है। हंगामे के बीच भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही सहित तमाम विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही चलती रही। हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण की सूचनाओं को लिया गया।

## एक महीने में दी जायेगी मुआवजा राशि: बन्ना



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में कहा कि पलामू जिले में वज्रपात से मरने वाले लोगों और पशुओं के लिए आवंटित मुआवजा राशि का एक महीने के अंदर भुगतान कर दिया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक कमलेश सिंह के अल्पसूचित सवाल पर यह आश्वासन दिया। विधायक ने सरकार से पूछा था कि पलामू में वज्रपात से मृत व्यक्तियों और पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 की राशि आवंटित करने के लिए पलामू डीसी ने आपदा विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक आवंटन नहीं मिला है।

## होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया 16 जिलों में पूरी

शेष जिलों में जल्द होगी बहाली: आलमगीर

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने सदन में पांच वर्षों से होमगार्ड के खाली पदों पर बहाली नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बहाली नहीं होने के कारण राज्य के नौजवान अवसर से वंचित हैं। जिलों में पुलिस बल की कमी हो रही है। इस पर सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब दिया कि झारखंड के 16 जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बाकी जिलों में बहाली की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही उन जिलों में बहाली हो जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आर्थिक लाभ, व्यापार व व्यवसाय में उलझनों से राहत मिलेगी, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| वृष | रोजी-रोजगार के हालत सुधरेंगे. बाधाएं तो आएगी परंतु आप सूझ-बूझ से उनसे छुटकारा पा लेंगे। |
| मिथुन | भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे,व्यवसाय में लाभ होगा. लाटरी में पैसा न लगायें। |
| कर्क | संपत्ति संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होंगी, आय कम होगी. जिसके कारण बचत कम होने से मन उदास रहेगा। |
| सिंह | आप इस समय किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं, व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ने की संभावना। |
| कन्या | प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी, मनोवांछित कार्य पूरे होंगे, रोमांस के लिए समय ठीक है। |
| तुला | विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी, परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य होंगे। |
| वृश्चिक | परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा. रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा। |
| धनु | परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी, शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी। |
| मकर | दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे, जिस कार्य के लिए प्रयास करेंगे वह पूरा होने की संभावना है। |
| कुंभ | आज आप व्यस्त रहेंगे, लंबित काम निपटायेंगे, स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेंगी। |
| मीन | समय कष्टकारी है, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें, अत्यधिक विश्वास घातक हो सकता है। |

## बगोदर में पुल निर्माण साइट पर मजदूरों को बंधक बनाकर लूटा 14 लाख का सरिया

**रांची।** गिरिडीह के बगोदर थाना इलाके के बानपुरा गांव के अरदली नदी में निर्माणाधीन पुल में दर्जन भर से अधिक हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला। पुल के समीप रखे करीब 14 लाख के टीएमटी सरिया को लूट कर ले गये। अपराधियों ने रविवार मध्य रात्रि और सोमवार सुबह करीब डेढ़ बजे धावा बोला। इस दौरान अपराधियों ने निर्माणाधीन पुल के समीप बने एक कमरे में मौजूद दर्जन भर से अधिक मजदूरों की पिटाई भी की और उन्हें कमरे में बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया। अपराधी इस दौरान आधे घंटे तक वहीं रुके रहे, घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं कुछ अपराधियों द्वारा तीन मजदूरों के साथ मारपीट किये जाने की बात भी सामने आयी है। कमरे में सारे मजदूरों को बंधक बनाकर अपराधी इस दौरान 14 लाख के टीएमटी को एक ट्रक में लूट कर फरार हो गये।

# बेहतर उद्योग नीति से निवेशक हो रहे हैं प्रेरित: हेमंत

### झारखंड सरकार और वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग हस्ताक्षर

निवेशकों को बेहतर माहौल उपलब्ध करा रही सरकार

अधिक से अधिक निवेश राज्य सरकार का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उद्योग विभाग और पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग हस्ताक्षर हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर उद्योग पालिसी बनायी है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हो।

नयी उद्योग नीति के तहत लगातार कई अच्छी और विश्वसनीय उद्योग संस्थानों द्वारा झारखंड में निवेश करने की इच्छा जाहिर की गयी है। नयी उद्योग नीति के तहत निवेशक अब राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में कई जाने- माने उद्योग संस्थाओं द्वारा जमशेदपुर सहित अन्य जगहों पर कंपनी का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को मिले, इस बाबत राज्य सरकार द्वारा नियम भी बनाये गये हैं।



### पतरातू में 456 करोड़ निवेश करेगी कंपनी

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड एक भारतीय कंपनी है, जो पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी के नाम से जाना जाता है। यह कंपनी विभिन्न पेय पदार्थों का उत्पादन और बोतल मैन्युफैक्चरिंग करती है। उन्होंने कहा कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड रामगढ़ जिला के पतरातू में 456 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। कंपनी द्वारा यहां कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक जैसे पेप्सी, सेवेन अप, माउंटेन ड्यू, मिरिंडा, ट्रापिकाना फ्रूट जूस, एक्वाफिना पानी आदि का उत्पादन होगा। इसके साथ ही मिल्क बेस्ड ड्रिंक, वैल्यू एडेड डेयरी प्रोडक्ट और ड्रिंक के लिए बोतल का उत्पादन किया जायेगा। साथ ही कंपनी द्वारा चार मेगावाट सोलर पावर एनर्जी जनरेट कर आस-पास क्षेत्र में विद्युत प्रकाश के लिए पावर सप्लाई की जायेगी। पहले चरण में 600 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह, वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया द्वारा हस्ताक्षर की कॉपी का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव, शशि रंजन, कंपनी के अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया, देवयाणी कानखोजे, प्रदीप गोयल, विश्वास अग्रवाल, ईश सेट्ठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन

# 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों का संवैधानिक अधिकार : महेश्वर




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख तक की ऋण माफी समेत अन्य मांगों को लेकर विधानसभा भवन कुट्टे ग्राम मैदान में त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है।

30 जनवरी से रामगढ़ में 72 घंटे की भूख हड़ताल होगी

नौकरियों को किसी और को दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से वंचित करना संविधान की अवहेलना है। जब तक ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा लड़ाई जारी रखेगा। इसी कड़ी में 30 जनवरी से रामगढ़ में 72 घंटे की भूख हड़ताल होगी। मौके पर रेखा मंडल, हीरानाथ साहू ने कहा कि हक-अधिकार छीना जा रहा है, इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इसमें मोहन साव, संजीव चौधरी, हरेलाल मंडल, रामसेवक प्रसाद, डॉ माधवचंद्र मंडल, सहदेव चौधरी, बीरेंद्र कुमार, इंदुभूषण गुप्ता, आदित्य नारायण प्रसाद, कपिल प्रसाद साहू, दिनेश्वर मंडल, नंदलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसीटी13-एफओबी-पीएच53-III, दिनांक 15.12.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** (1) टटीसिलवे (डाउन): टटीसिलवे (डाउन) में 6.10 मी चौड़े फुट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन; (2) तुलिन: तुलिन स्टेशन में 6.10 मी चौड़े फुट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन। (3) टाँगरबंसली: टाँगरबंसली स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा फुट ओवर ब्रिज के विस्तार कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,72,670.41; **बयाना राशि:** रु. 17,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.01.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 25.12.2023, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा) I(PR-932)

**AFFIDAVIT**

I, Pokraj Prasad Kushwaha S/o Late Prasad Kushwaha, R/o D. 505, Beach Classic Building No. 2, Shimpoli Gotai Road, No.1, Kanti Park, Near Pumping Station, Rorai-1, Borivali West S.O. Mumbai, Maharashtra- 400092. That my father's old name is Late Tukan Mahto accroding to Registered (Kewala) and legal documents. That my father's correct name is Late Prasad Kushwaha. After this affidavt Late Prasad Kushwaha and Late Tukan Mahto is the same and one person i.e my father. Vide Affidavit E. No. 928/1999 dated - 18.12.2023.





## शमशेर आलम को भेंट की पुस्तक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ दिनेश षाड़ंगी ने सोमवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम को उनके आवास पर स्वलिखित उड़िया भाषा की पुस्तक और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। श्री षाडंगी ने बधाई देते हुए मांग की कि राज्य में उड़िया भाषा के विकास पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है। जिन विद्यालयों में उड़िया भाषा की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, आयोग के माध्यम से उन विद्यालयों में पुस्तक उपलब्ध कराने की पहल करने का आग्रह किया। श्री षाड़ंगी ने उड़िया उच्च विद्यालय खंदामौदा, बहरागोड़ा की 84वीं वर्षगांठ पर 31 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भी आमंत्रण दिया।

## जेल में ही बीतेगा पूर्व डीसी छवि रंजन का यह साल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब जनवरी महीने में सुनवाई होगी। उनका मामला सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में सूचीबद्ध था। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, इडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है। वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री का केस है। उनकी एक जमानत याचिका झारखंड हाइकोर्ट में लंबित है।

### संजय सेठ ने लोस में उठाया हाथी और मानव के बीच टकराव का मामला

# संघर्ष को रोकने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने का किया आग्रह

हाथियों के आतंक से 2000 परिवार प्रभावित

आठ हजार एकड़ से अधिक की फसल बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र में हाथी और मानव के संघर्ष का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस संघर्ष और टकराव को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बने। क्योंकि इस मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई बिल्कुल शिथिल है।

श्री सेठ ने लोकसभा में कहा, मेरे लोकसभा क्षेत्र में यह संघर्ष गंभीर होता जा रहा है। ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र हाथियों के आतंक से प्रभावित है। 2000 से अधिक परिवार हाथियों के आतंक से पीड़ित है और 8000 एकड़ से अधिक की खेतों पर लगी फसलों को हाथियों ने बर्बाद किया है। ऐसा नहीं है कि संघर्ष में फसल और इंसानों को नुकसान हो रहा है। कई बार हाथियों की भी जान जा रही है। दुर्भाग्य है कि राज्य सरकार का इस पर तनिक भी ध्यान नहीं है।

सांसद ने सदन में यह मांग की कि इस मामले में राष्ट्रीय नीति बनायी जाये और स्थाई समाधान ढूंढा जाये, ताकि हाथियों और मानव के बीच चल रहा संघर्ष रुक सके। हाथी अपना जीवन जी सके। फसलों का नुकसान ना हो और ग्रामीण भी जीवन बसर कर सके।

### गोवा के बुद्धिजीवियों ने रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल संकाय का दौरा किया

# रांची विवि और गोवा विवि के बीच एमएयू जल्द

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोवा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं गोवा के सामाजिक कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ पत्रकारों, कोंकणी लेखकों, साहित्यकारों की टीम ने सोमवार को डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, दिल्ली के अभिषेक रंजन सिंह की अगुवाई में रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय का भ्रमण किया। बातचीत के क्रम में गोवा के बुद्धिजीवीयों ने बताया कि झारखंड की संस्कृति और गोवा की संस्कृति में काफी समानता है। जिस तरह झारखंड में पड़हा संस्कृति है ठीक उसी तरह गोवा में भी पड़हा संस्कृति है। पेड़ पौधे, वातावरण काफी कुछ मिलता जुलता है। उन्होंने बताया कि झारखंड की मुंडा जनजातियों की भाषा और गोवा की कोंकणी भाषा के शब्दों में भी काफी समानताएं हैं। इस बात पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के कोर्डिनेटर डॉ हरि उरांव ने कहा कि गोवा और झारखंड की भाषा संस्कृति को और करीब से जानने व समझने के लिए सबकी सहमति से जल्द ही रांची विश्वविद्यालय और गोवा विश्वविद्यालय के द्वारा एमएयू किया जायेगा। ताकि दोनों राज्यों की भाषा व संस्कृति को करीब से जानने और समझने का मौका मिल पायेगा। इस मौके पर टीआरएल संकाय के प्राध्यापक डॉ किशोर सुरीन, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ दमयंती सिंकू, डॉ बीरेंद्र सोय, करम सिंह मुंडा, राजकुमार बास्के, बंदे खलखो, प्रेम मुर्मू, गोवा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शोध पत्रकार संदेश प्रभुदेशाई, गोवा विश्वविद्यालय के डॉ. प्रकाश प्रयंकर, फोरेंसिक डिपार्टमेंट गोवा मेडिकल कॉलेज गोवा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मधु, एडवोकेट जान फर्नांडीस, कोंकणी साहित्यकार चेतन आचार्य, कोंकणी लेखक एवं पत्रकार अनंत अग्नि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद प्रशांत नाईक के अलावा विभाग के कई अन्य लोग शामिल थे।

## 'बकाया राशि नहीं देने पर व्यापारी पर होगी कार्रवाई'




आजाद सिपाही संवाददाता

थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्यों ने की बैठक

**रांची।** झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ कार्यालय में बकायादारों को लेकर मंथन किया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रवीण लोहिया सहित कई सदस्यों ने पंचायत समिति के केस की समीक्षा क्रम में कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। साथ ही पंचायत समिति को और मजबूत बनाने का मार्गदर्शन भी दिया। प्रवीण लोहिया ने बताया कि जिन डिफॉल्टर व्यापारियों का केस पंचायत समिति में आया है, उनको पंचायत समिति द्वारा पत्र भेज कर रुपया देने का आग्रह करने के बाद भी अगर व्यापारी रुपया नहीं देते हैं, तो पंचायत समिति में उनका केस दर्ज किया जायेगा। बकाया रकम नहीं देने वाले व्यापारियों की काली सूची तैयार की गयी। साथ ही बाहर की मंडियों में ऐसे व्यापारी की सूची भेज कर समन्वय स्थापित कर सूचना दी जायेगी। बैठक में अध्यक्ष विक्रम खेतावत, अमरचंद बेगानी, प्रमोद सारस्वत, अनिल जालान, राजेश कंदोई, विवेक मेहता, सौरभ बथवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने खाटू श्याम के दरबार में लगायी हाजिरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पहुंच कर खाटू नरेश के दरबार में हाजिरी लगायी। खाटू नरेश लड्डूगोपाल, शिव परिवार, बजरंगबली के समक्ष शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने मंदिर के प्रवेश द्वार पर न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने श्याम बाबा का अंग वस्त्र भी जस्टिस को प्रदान किया। खाटूनरेश की जय जयकारों के साथ मंदिर परिसर गूंज रहा था। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में निरंतर भक्त जनों द्वारा हाजिरी लगायी जाती है।

# अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता : हुसैन खान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान के अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस भवन, रांची में विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में हम निश्चित रूप से अपना अधिकार लेने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक जागरूकता के अभाव में अपने अधिकार से वंचित है आज विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर राज्य के अल्पसंख्यकों को अपने अधिकार के बारे में जानने की जरूरत है। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने कहा कि अभी के देश व्यापी माहौल में अल्पसंख्यकों को हक नहीं मिल रहा। रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए तमाम जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्षों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस प्रति वर्ष 18 दिसंबर 1992 से सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिह्नित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु मनाया जाता है।

इस मौके पर मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ इलियास मजीद, मो सलीम, परवेज, मो फिरोज अंसारी, मनीष धान, रमजान, मो सफार, फहीम खान, प्रदेश अलसंख्यसक महासचिव सह कार्यालय अख्तर अली, शम्स तबरेज, आरिफ, आतिफ, गुलाम रब्बानी, आमीर, इम्तियाज, मो तसलीम, सलाउद्दीन, आसीफ, डारियन, अबूजर, इमरान, तौहीद, मोसीन अहमद, अली हसन आदि शामिल थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

"एक मिनीरत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## महत्वपूर्ण खबरें

### आइएसएम पुंदाग में मना फ्रेशर्स डे




रांची (आजाद सिपाही)। आइएसएम पुंदाग में सोमवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। वर्ष 2023-24 सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं का सीनियर्स द्वारा वेलकम किया गया। छात्र - छात्राओं ने केक काट कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही वर्तमान में उभर रहे वैश्विक कॉरपोरेट प्रबंधन संस्कृति में देश के आर्थिक सशक्तिकरण और 2047 तक आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। मिस फ्रेशर करुणा तिग्गा को मिस फ्रेशर विकास कुमार मिश्र को चयनित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर आरएके वर्मा ने कुशल प्रबंधक बनने के लिए सतत ज्ञानवर्धन और प्रबंधन कार्यकुशलता को अपनी व्यवहारिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुशासन और लगनशीलता के साथ सभी चुनौतियों का समाधान निकालते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की बात कही। मौके पर कुमार प्रणीत, सौरव, मुकुल, शोभा, अनमोल, संदीप, कामिनी, ऋषि, प्रियांशु, शोभा पूर्ति समेत अन्य मौजूद थे।

### जेपीएससी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो की अगुवाई में पंचपरगनिया भाषा-साहित्य एवं कला परिषद के प्रतिनिधिमंडल झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा से मुलाकात कर पंचपरगनिया एवं कुरमाली विषय की व्याख्याता नियुक्ति सह साक्षात्कार जल्द कराने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही विधायक एवं प्रतिनिधिमंडल ये जानना चाहा कि अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो गयी, किंतु पंचपरगनिया विषय का अभी तक क्यों नहीं हुआ। जबकि साक्षात्कार दिन तय करने के बाद उसे अचानक रद्द किया गया। तब झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने बताया कि पंचपरगनिया भाषा का अभी तक एक भी भाषायी विशेषज्ञ का नाम नहीं आया। इस संबंध में विश्वविद्यालय से भी नाम मांगा गया, परंतु विश्वविद्यालय भी अक्षम रहा। तत्पश्चात राजभवन को भी तीन-तीन बार भाषायी विशेषज्ञ का लिस्ट उपलब्ध कराने को पत्राचार किया गया परंतु अभी तक राजभवन से भी विशेषज्ञ का कोई लिस्ट प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही विशेषज्ञ का सूची मिलती है, दो दिन में ही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर दूंगी। प्रतिनिधिमंडल में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो के अलावे हलधर अहीर, पंकज महतो, सत्यवती कुमारी, सहदेव महतो, मोहित सेठ, बसंती कुमारी, दिलेश्वर महतो, मुकेश कुम्हार, सारण प्रमाणिक आदि शामिल थे।

### एफसीआइ झारखंड क्रिकेट चैंपियनशिप पर डीओ देवघर का कब्जा



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय खाद्य निगम झारखंड द्वारा महाप्रबंधक मनोज कुमार की अध्यक्षता में इंटर ऑफिस क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची के जेके अकादमी स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय रांची, मंडल कार्यालय रांची, देवघर एवं डाल्टनगंज की टीम प्रतिभागी थी। सेमीफाइनल मैच में क्षेत्रीय कार्यालय रांची एवं मंडल कार्यालय धनबाद को हराकर मंडल कार्यालय डाल्टनगंज एवं देवघर की टीमों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की जिसमें शानदार बल्लेबाजी के लिए डाल्टनगंज के अमर कच्छप व देवघर के अजितेश मिश्रा को क्रमश: मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच में डाल्टनगंज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 95 रन बनाये। डाल्टनगंज की ओर से सर्वाधिक 33 रन का स्कोर सुशील कुमार ने बनाया जबकि डीओ देवघर की तरफ से दो विकेट अजितेश मिश्रा ने, एक-एक विकेट अजय कुमार, मनीष कुमार, सोहैल खान एवं पंकज भारती ने लिये मंडल कार्यालय देवघर ने निर्धारित लक्ष्य को अजितेश मिश्रा व माधव झा की ओपनिंग जोड़ी की जबरदस्त पारी की बदौलत मात्र 12 ओवरों में ही हासिल कर लिया एवं एफसीआइ झारखंड क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 ट्रॉफी को अपने कब्जे में कर लिया। माधव झा की ताबड़तोड़ 60 रनों की शानदार पारी के लिए उन्हें फाइनल में मैन ऑफ द मैच चुना गया।




# आज और कल रहेगा शीतलहर का प्रकोप

## तापमान में भी तीन डिग्री तक होगी गिरावट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड का असर देखा जा रहा है। लगातार गिरते तापमान के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं, दिन में धूप के कारण लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है, लेकिन इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं का कहर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 19 और 20 दिसंबर को राज्य में शीतलहर चलने की संभावना है। ऐसे में पूरे राज्य में ठंड में वृद्धि दर्ज की जायेगी। शीत लहर का असर उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण होगा। हालांकि इस दौरान दिन के समय धूप निकलने की जानकारी दी गयी है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन सुबह और शाम के वक्त ठंड का प्रकोप अधिक रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान की बात करें, तो सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला 5.4 और कांके का 3.8 डिग्री दर्ज किया गया। चतरा जिला का तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। गढ़वा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 7.5 डिग्री रहा। खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, सिमडेगा का तापमान 8.1 डिग्री तक रहा। देवघर, गोड्डा, हजारीबाग का तापमान 9.6 डिग्री रहा।

विभाग की मानें तो तीन दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 23 दिंसबर तक राज्य में कोहरा का असर देखा जायेगा। वहीं शीत लहर के साथ दिन के समय धूप भी रहेगा।

**गूंज महोत्सव :** सेवा और जन कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी

# खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली/रांची।** तीन दिवसीय गूंज महोत्सव-2023 में लोक कला, परंपरा की हिफाजत के पैरोकार, कलाकार के अलावा खेल के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध सफलता हासिल करनेवाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता दिनेश कुमार, एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता तीरंदाज मधुमिता कुमारी, नेशनल गेम में रजत पदक विजेता तीरंदाज दीप्ति कुमारी, अघनी कुमारी, नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता लॉन बॉल खिलाड़ी प्रिंस महतो, वूशु में कांस्य पदक विजेता शशिकांत महतो, संगीतकार अश्विनी महतो, ढोल वादक हेमली कुमारी, नृत्य कलाकार मोहन सहिस, चंद्रयान 3 से जुड़े जयप्रकाश महतो के अलावा बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की अध्यक्ष नेहा महतो को सम्मानित किया गया।


नेहा महतो के कुशल नेतृत्व में पांच सौ से ज्यादा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उभरे हैं और कम से कम 22 खिलाडियों और कोच ने भारतीय टीम का नेतृत्व किया है।

**अगले दो दिनों में होने हैं कई कार्यक्रम :** 19 और 20 दिसंबर को सेवा और जन कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी है। इसे सफल बनाने के लिए गूंज महोत्सव के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में महोत्सव की सफलता के लिए एक हजार वॉलंटियर, एसएचजी, गूंज परिवार के सदस्यों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री छूटनी महतो, जमुना टुड्डू, मधु मंसूरी, मुकुंद नायक के अलावा राज्य के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कुलपति, जिला परिषद के प्रतिनिधि, बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की अध्यक्ष नेहा महतो, श्याम सुंदर महतो, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता के अलावा दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# अमित अग्रवाल की याचिका को हाइकोर्ट ने सुनने से किया इनकार

## दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका सुनने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस याचिका को अन्य सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इडी को पूरक शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। दरअसल, इडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4।55 एकड़ सेना की कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मामले को लेकर इडी ने इसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

# झारखंड में चिटफंड कंपनियों के पैसे लेकर भागने के तीन हजार मामले आये सामने

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड गठन के बाद से अबतक झारखंड चिटफंड कंपनियों के खिलाफ तीन हजार मामले सामने आये हैं। राज्य के रांची, जमशेदपुर, चाइबासा, कोडरमा, हजारीबाग, साहिबगंज समेत राज्य अन्य जिलों में चिटफंड कंपनियां धड़ल्ले से नियमों की अनदेखी कर लोगों को अधिक ब्याज देने का लालच देकर पैसे जमा कर रही हैं और अंत में लेकर भाग जा रही हैं। झारखंड में चिटफंड कंपनियां अबतक कुल 25 हजार करोड़ लेकर भाग गयीं। अब तक 120 से अधिक मामलों को टेकओवर कर सीबीआइ जांच कर रही है।

**चिटफंड कंपनियां पैसे लेकर हुई फरार :** तिरु बालाजी, अलेमिस्ट इंफ्रा, धनोल्टी डेवलपर्स, कोलकाता वीयर, संकल्प ग्रुप, वीयर्ड इंफ्रा, रुफर्स मार्केटिंग, सनशाइन ग्लोबल एग्रो, रामल इंडस्ट्रीज, इनोमर्स इंडस्ट्रीज, एक्सेल इंफ्रास्ट्रक्चर, गीतांजलि उद्योग, एमपीए एग्रो एनीमल, युगांतर रियल्टी, एटीएम ग्रुप, केयर विजन, मातृभूमि मैन्यूफैक्चरिंग, रोजवैली होटल्स, बर्धमान सुर्मांग, अपना परिवार एग्रो वारिस ग्रुप, सुराहा माइक्रो फाइनांस, सनप्लांट एग्रो ग्रुप, प्रयाग इनफोटेक, साईं प्रसाद प्रोप्रटीज, फेडरल एग्रो कॉमर्शियल और गुलशन निर्माण इंडिया समेत अन्य कंपनियां शामिल हैं।

**करोड़ों रुपया लेकर फरार हो गयीं कंपनियां :** झारखंड के करीब 30 हजार निवेशकों से 80 करोड़ लेकर कोलकाता की चिटफंड कंपनी फरार हो गयी थी। इसके बाद निवेशक और एजेंट ने 26 अक्टूबर 2015 को डेली मार्केट थाना में शिकायत दर्ज की थी। रांची में एलएक्स बीट फारेक्स नाम की एक चिटफंड कंपनी 28 फरवरी 2022 को 250 से अधिक लोगों का करोड़ों लेकर फरार हो गयी थी। कंपनी ने 100 दिनों में पैसा डबल करने का दिया लालच था। दुमका जिले में चार जनवरी 2018 को चिटफंड कंपनी रमेल इंडस्ट्रीज पैसा दो गुना करने के नाम पर 30 लोगों का रुपये लेकर फरार हो गयी थी। जामताड़ा में ओरियन इंडस्ट्रीज चिटफंड कंपनी (नन बैंकिंग) के डायरेक्टर थे। ये लोग इस नन बैंकिंग के माध्यम से लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गये थे।

**डीजेएन ग्रुप से जुड़े चिटफंड घोटाले में चौंकानेवाले तथ्य :** डीजेएन ग्रुप कंपनी के द्वारा बेहतर रिटर्न का भरोसा देकर करीब 1600 लोगों से जालसाजी के जरिए 147 करोड़ 47 लाख रुपये का निवेश करवाया गया था, लेकिन निवेश के बाद कंपनी ने पैसे लेकर राज्य से अपना काम समेट लिया था।

# राज्य सरकार को मदरसा-संस्कृत विद्यालयों के रिटायर शिक्षकों के दर्द का एहसास नहीं : कासमी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश मदरसा-संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के सचिव मौलाना मो हम्माद कासमी ने कहा है कि राज्य के 186 प्रस्वीकृत मदरसों और 11 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षाकर्मियों की पेंशन के संबंध में जारी अधिसूचना के कार्यान्वयन के संबंध में एक वर्ष से अधिक समय से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार ने इस अहम समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। मौलाना कासमी ने कहा कि इस लंबी अवधि के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट स्तर के कई मंत्री से मुलाकात की, लेकिन समस्या का अंत नहीं हुआ। इसके कारण शिक्षक पेंशन पाने से वंचित हैं।

# आमया ने जारी किया अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड




रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर आमया संगठन ने अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा और भाषा से जुड़े मामलों पर अल्पसंख्यक रिपोर्ट कार्ड 2023 जारी किया। अध्यक्ष एस अली ने कहा कि अल्पसंख्यकों को संविधान में मिले अधिकारों को समाप्त करने की प्रयास हो रहा है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा संचालित 543 प्रारंभिक उर्दू स्कूलों का स्टेटस छीन लिया गया। मदरसा आलिम फाजिल की परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने का मामला 23 वर्ष से लटका है। 4401 उर्दू शिक्षक के पदों में 3700 पद आज भी खाली पड़े हैं। अब तक ना मॉब लिंचिंग कानून बना और न ही पीड़ितों को मुआवजा राशि मिली। इस मौके पर मो इकबाल, मो हैदर, प्रवेज आलम, गुल सबा, सबरे आलम आदि उपस्थित थे।

# राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर रांची में महोत्सव मनेगा : महावीर मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर ने कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को रांची में महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति ने संयोजक पंडित श्याम नारायण पांडेय, सहसंयोजक अमित चौधरी, अमरनाथ सरकार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को दस बजे से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ होगा। एक बजे महाआरती होगी। जब अयोध्या में आरती होगी, तो उसी वक्त यहां भी महाआरती की जायेगी। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन होगा। शाम में मंदिर परिसर के आसपास 11 हजार दीपों से मंदिर को सजाया जायेगा। समिति ने निर्णय लिया है कि 25 हजार झंडे का वितरण किया जायेगा। उस दिन हर सनातनी के घर भजन बजाने के लिए आग्रह किया जायेगा। सभी मंदिरों को भी समिति के द्वारा सजाया जायेगा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य जो चल रहा है, उसे भी 22 जनवरी से पूर्व संपन्न कराकर 22 जनवरी को उद्घाटन किया जायेगा। अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम समिति के द्वारा एलइडी लगा कर टेलीकास्ट किया जायेगा।

इसमें धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लाल राजेंद्र नाथ शाहदेव, शेखर शरण, दिलीप सोनी, दीपक तनेजा, मुकेश काबरा, रोहित शारदा, शंभू प्रसाद, ललित चौधरी, हेमंत पोद्दार, बादल सिंह, रवि प्रकाश टुना, सतीश सिन्हा, देवराज बर्मन, समीर सिंह, नवीन झा, फिरंगी साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# वार्ड 29 की जनता के लिए खेल के मैदान की सौगात दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वार्ड 29 की जनता के लिए रांची के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के सौजन्य और समाज सेवी निशांत यादव के प्रयास से खेल के मैदान की सौगात मिली। वार्ड 29 के अंतर्गत खादगढ़ा निगम फ्लैट के समीप खाली पड़ी जगह जहां कचरे का अंबार लगा रहता था। अब वहां खेल के मैदान का निर्माण किया जा रहा है। वार्ड 29 में बच्चों के खेलने, लोगों के टहलने के लिए एक भी खेल का मैदान नहीं था जिसे लेकर समाजसेवी निशांत यादव के द्वारा तत्कालीन उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय से आग्रह किया गया था। आग्रह को स्वीकार करते हुए कार्य प्रारंभ हो चुका है। कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए श्री विजयवर्गीय ने वार्ड 29 का दौरा किया और लोगों की अन्य समस्याओं को भी सुना। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा विश्वकर्मा, अशोक पांडेय, मदन विश्वकर्मा, संजय तिवारी, अरविंद गुप्ता, प्रदीप शर्मा, आशीष शर्मा, रोहित पांडेय, रोहित शर्मा, सूरजभान सिंह, नवीन, सौरव लाल, दिलीप वर्मा, गणेश गोप, अमित अग्रवाल, मनीष केसरी, बिट्टू दिव्य परमार, अमरजीत गुप्ता, धनंजय चंद्रवंशी, कन्हैया शाह, सुनील वर्णवाल, ऋषभ सिंह, विवेक गुप्ता, पूनम सिंह, सुमन देवी, रूपा देवी, रीना देवी, राधा देवी, महेश चौधरी, सोनू सिंह, सोनू भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा सहित वार्ड के सैंकड़ो लोग उपस्थिति रहे।

# गौरव दलित मिलन समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। पश्चिम सिंभूम लोक सभा गौरव दलित मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान नेशनल कोऑर्डिनेटर( एलडीएम) वशिष्ठ लाल पासवान, कार्यालय प्रभारी रंजीत बावरी, चाईबासा अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष कमल राम, प्रदेश सचिव राजकुमार रजक, शेखर दास, बिशू समेत सैकड़ों कांग्रेसी ने भाग लिया। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी तत्परता के साथ तैयारी में जुट गयी है। अनुसूचित जाति विभाग 14 लोकसभा में दलित गौरव महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। चाईबासा में यह पहला कार्यक्रम हुआ।

# सेंट्रल बैंक ने किया स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे खेलों को शामिल किया गया। आयोजन का उदघाटन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए श्री कुमार ने कहा कि खेल हमें सहनशीलता, सहयोग, धैर्य और निष्ठा भावना को बतलाती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इन भावनाओं को अपने व्यक्तिगत आचार विचार में भी लायें इस अवसर पर टीम स्पर्धा में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें रांची क्षेत्र के विभिन्न टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकावला जमशेदपुर और रांची क्षेत्रीय कार्यालय की टीम के मध्य हुआ जिसमें रांची क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने जमशेदपुर को चार रन से हराकर विजेता बनी। क्षेत्रीय कार्यालय का नेतृत्व प्रशांत देशपांडे तथा जमशेदपुर की टीम का नेतृत्व अंकित श्रीवास्तव ने किया। मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार जमशेदपुर टीम के विशाल रिषभ गुडिया को प्रदान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय की टीम की तरफ से सत्यजीत श्रीवास्तव, राजीव रंजन, मनीष कुमार, अमित कुमार, सोनल, आलोक कुमार, पीयूष मोदी, सौरभ, रितेश तथा जमशेदपुर टीम की तरफ अमित कुमार, सुशील, संदीप कुमार, रंजीत कुमार, अमन ने अपनी टीम के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 402 किमी लंबे नवनिर्मित खंड से रेल परिचालन क्षमता में होगी वृद्धि

## प्रधानमंत्री ने पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का न्यू पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-न्यू भाऊपुर खंड राष्ट्र को समर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में आयोजित सार्वजनिक समारोह से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 402 किमी. लंबे न्यू पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन - न्यू भाऊपुर खंड को आज राष्ट्र को समर्पित किया गया। साथ ही हरी झंडी दिखाकर इस खंड पर मालगाड़ियों को रवाना किया गया। इस क्रम में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय तथा विधायक रमेश जायसवाल न्यू पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य, रेल कर्मी और आमजन उपस्थित रहे। न्यू पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन - न्यू भाऊपुर रेलखंड पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का अति महत्वपूर्ण भाग है। इस खंड के राष्ट्र को समर्पण के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आवश्यकतानुसार और अधिक मालगाड़ियों का त्वरित परिचालन किया जा सकेगा जिससे माल परिवहन में तेजी आयेगी। उत्तर में बिजली संयंत्रों तक कोयले का सुचारु परिवहन और सक्षम होगा। साथ ही भारतीय रेल की परंपरागत रेल लाइनों पर रेल ट्रैफिक का दबाव कम होगा जिससे यात्री ट्रेनों के त्वरित और समयबद्ध परिचालन में सहायता मिलेगी।

# रिश्ते बिगाड़ने की मंशा

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआइआरएफ) की यह सिफारिश उसके इरादों पर गंभीर सवाल खड़े करती है कि भारत को विशेष चिंता वाले देश के रूप में नामित कर उस पर प्रतिबंध लगाये जायें। हालांकि यूएससीआइआरएफ ऐसी बातें पहले भी कर चुका है, लेकिन उसकी ताजा सिफारिश उसके अपने मानकों के हिसाब से भी चौंकाने वाली है। यूएससीआइआरएफ ने इस बार अपनी सिफारिश का आधार उन आरोपों को बनाया है, जिनकी सच्चाई की कहीं से भी पुष्टि नहीं हुई है। निज्जर हत्याकांड और पन्नू की हत्या की कथित साजिश से जुड़े आरोप भारत विरोधी तत्वों की ओर से बार-बार उछाले जा रहे हैं, लेकिन इसमें पुरानी बातों का दोहराव भर है। इन्हीं बातों को आधार बनाते हुए यूएससीआइआरएफ ने अपनी पुरानी सिफारिश एक बार फिर आगे कर दी। अमेरिकी आयोग की यह जल्दबाजी इसलिए भी समझ में नहीं आती कि इन मामलों की तीन देशों - कनाडा, अमेरिका और भारत- में जांच अलग-अलग स्तरों पर है, पर कहीं भी यह तार्किक परिणति तक नहीं पहुंची है। इस अमेरिकी आयोग का यह रुख कोई नयी बात नहीं है। यह अपनी पिछली तीन सालाना रिपोर्टों में भारत के खिलाफ ऐसी ही सिफारिश कर चुका है। भारत सरकार तो उसकी इन रिपोर्टों को खारिज करती ही रही है, अमेरिकी सरकार ने भी इसे तवज्जो देना जरूरी नहीं समझा। मगर इस बार दिखायी गयी हड़बड़ी इन आरोपों को और मजबूत बना देती है कि इसकी रिपोर्टों के पीछे भारत विरोधी पूर्वाग्रह की बड़ी भूमिका है। भारतीय मूल के पांच अमेरिकी सांसदों के बयान को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े इन सांसदों का बयान बाइडन प्रशासन की ब्रीफिंग पर आधारित है, फिर भी उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह मामला भारत-अमेरिका रिश्तों के लिए खतरा बन सकता है। जिस तरह से भारत विरोधी तत्व इस मामले को उठा रहे हैं, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि मामले की सच्चाई चाहे जो भी हो, इसकी आड़ में दोनों देशों के रिश्ते को बिगाड़ने की मंशा भी काम कर रही है। ऐसे में यह और जरूरी हो जाता है कि मामले को इस तरह से निपटाया जाये, जिससे सांप भी मर जाये और लाठी भी न टूटे। यानी मामला हल भी हो जाये और रिश्ता बिगाड़ने के मंसूबे पालने वालों को सही संदेश भी चला जाये। जाहिर है, दोनों देशों को ज्यादा सावधानी और संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है।

**अमेरिकी आयोग की यह जल्दबाजी इसलिए भी समझ में नहीं आती कि इन मामलों की तीन देशों - कनाडा, अमेरिका और भारत- में जांच अलग-अलग स्तरों पर है, पर कहीं भी यह तार्किक परिणति तक नहीं पहुंची है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रिपोर्ट के मुताबिक विगत 5 वर्षों के दौरान महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में 13 फीसदी बढ़ोत्तरी देखने में आयी। वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के कुल 4,45,256 मामले, वर्ष 2021 के 4,28,278 मामलों की तुलना में 4 प्रतिशत बढ़ गये। रिपोर्ट के अनुसार, देश में हर घंटे महिलाओं से 51 अपराध हो रहे हैं। साइबर अपराध के 22 प्रतिशत मामले महिलाओं से जुड़े हैं।**

# नारी सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाते आंकड़े

दीपिका अरोड़ा

देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं को परिवार व समाज की धुरी माना गया है। घरेलू व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के साथ बाहरी दुनिया में भी पदार्पण कर चुकी नारी का कार्यक्षेत्र पहले की अपेक्षा कहीं विस्तृत हो चुका है। कदाचित यही कारण है, वैश्विक मंच पर पांव जमाती नारी सशक्ति करण की बृहद गूंज, राष्ट्रीय स्तर पर भारत वर्ष की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत क्रियाशील सभी राजनीतिक मंचों पर प्राथमिकता के आधार पर गुंजायमान होती नजर आती है।

विशेष रूप से चुनावी दिनों में नारी सुरक्षा, नारी प्रतिनिधित्व, नारी आरक्षण जैसे महिला प्रधान मुद्दे अमूमन सभी राजनीतिक दलों द्वारा बड़ी ही तन्मयतापूर्वक बारंबार दोहराये जाते हैं। आश्वासनों की लंबी फेहरिस्त देख कर एकबारगी तो प्रतीत होता है कि सचमुच आपराधिक तत्वों के दिन अब लदने ही वाले हैं, लेकिन जब राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट के माध्यम से कटु सत्य का सामना होता है, तो समाज में निर्भीकतापूर्वक विचरने के बड़े-बड़े दावे कपोल-कल्पित साबित होते हैं।

हाल ही में एनसीआरबी द्वारा जारी ताजा आंकड़े देश में नारी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए बताते हैं कि देश में प्रति लाख अपराधों की दर में भले ही आंशिक गिरावट आयी हो किंतु आर्थिक विकास की ओर तीव्रगति से उन्मुख हो रही भारतीय व्यवस्था नैतिकता के आधार पर अभी इतनी विकसित नहीं हो पायी कि युद्धस्तर पर आपराधिक सोच का सफाया करके सामाजिक वातावरण को विकृत मानसिकता की विषाक्त ता से मुक्त कर सके।

**ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश में हर घंटे महिलाओं से 51 अपराध हो रहे हैं।**



**किसी भी देश के समग्र विकास में समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गयी है। सामाजिक परिवेश की शुचिता सदैव लोगों की व्यक्तिगत सोच एवं क्रियाकलापों पर निर्भर करती है। 99.4 फीसदी आपराधिक मामलों में किसी करीबी का संलिप्त होना बताता है कि भौतिक विकास के इस युग में हम नैतिक मूल्यों के आधार पर कितना गिर चुके हैं।**

रिपोर्ट के मुताबिक विगत 5 वर्षों के दौरान महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में 13 फीसदी बढ़ोत्तरी देखने में आयी। वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के कुल 4,45,256 मामले, वर्ष 2021 के 4,28,278 मामलों की तुलना में 4 प्रतिशत बढ़ गये।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में हर घंटे महिलाओं से 51 अपराध हो रहे हैं। साइबर अपराध के 22 प्रतिशत मामले महिलाओं से जुड़े हैं। कानून तथा व्यवस्था की दिशा में अधिक सक्रिय होने से कई राज्यों में आपराधिक घटनाओं का स्तर भले ही कुछ सुधरा हो, लेकिन स्वस्थ समाज निर्माण की आवश्यकता के लिहाज से वर्तमान स्थिति को संतोषप्रद कदापि नहीं आंका जा सकता।

पंजाब की ही बात लें, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1.50 प्रतिशत की कमी आना भले ही तनिक राहत का विषय हो, किंतु दुष्कर्म मामलों में हुई 10.80 फीसदी वृद्धि ने सामाजिक स्वास्थ्य को पूर्व दशा के समकक्ष ही ला छोड़ा है।

वर्ष 2021 में दुष्कर्म के कुल 464 मामलों के मुकाबले, वर्ष 2022 में 517 मामले दर्ज किये गये अर्थात संपूर्ण रूप में आंकड़े अब भी डराने वाले हैं। अपनों से सदैव अपनत्व की ही उम्मीद की जाती है, किंतु रिपोर्ट का कहना है, महिला-विरुद्ध अपराधों से संबद्ध 38.3 प्रतिशत मामलों में पति या निकटस्थ संबंधी ही दोषी पाये गये। पंजाब में दुष्कर्म के कुल 517 प्रकरणों में से 514 पीड़ित के जानकार थे। 66 मामलों में महिला का गौरव मर्दन किसी पारिवारिक सदस्य द्वारा ही किया गया।

किसी भी देश के समग्र विकास में समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गयी है। सामाजिक परिवेश की शुचिता सदैव लोगों की व्यक्तिगत सोच एवं क्रियाकलापों पर निर्भर करती है। 99.4 फीसदी आपराधिक मामलों में किसी करीबी का संलिप्त होना बताता है कि भौतिक विकास के इस युग में हम नैतिक मूल्यों के आधार पर कितना गिर चुके हैं। विश्वास को रिश्तों की बुनियाद माना गया है, किंतु विडंबना का विषय है कि इसी विश्वास की आड़ में कुछ तथाकथित स्वजन रिश्तों की मर्यादा तार-तार कर रहे हैं। ऐसे लोगों को आस्तीन के सांप कहना अधिक सही होगा।

आखिर इन भयानक आंकड़ों को अनवरत बढ़ने का मौका कौन देता है? बतौर अभिभावक कहीं हम तो दोषी नहीं? भौतिक विकास से तालमेल बिठाने की आपाधापी में क्या हम अपने बेटों को वे सभ्य संस्कार दे रहे हैं, जो उन्हें चारित्रिक रूप से सशक्त बना कर नारी के प्रत्येक रूप का सम्मान करना सिखा सकें? कहीं हम रिश्तों की परख किए बगैर, मासूम बच्चों को तथाकथित रिश्तेदारों-करीबियों के भरोसे अकेला छोड़ जाने वाले अंधविश्वासी अभिभावकों की सूची में तो शामिल नहीं? हमारे तुगलकी व्यवहार ने बेटियों को इतना दब्बू तो नहीं बना डाला कि किसी व्यक्ति द्वारा शारीरिक-मानसिक उत्पीड? किये जाने पर भी वे अपनी जुबां खोलने की हिम्मत न जुटा पायें?

कहीं हम उन मौन समूहों का हिस्सा तो नहीं, जो दुष्कर्मियों को बेनकाब करने की अपेक्षा झूठी मान-मर्यादा के नाम पर चुप्पी साधे रखने को अधिमान देते हैं, बिना यह सोचे कि उनकी एक चुप्पी असामाजिक तत्वों का दुस्साहस बढ़ा कर, कालांतर में असंख्य अपराधों को जन्म देने का पर्याय बन सकती है? क्या हमारा पुलिस प्रशासन दोषियों की धर-पकड़ करने में समूचे तौर पर कर्तव्यनिष्ठा निभा रहा है? स्वतंत्रता के वर्षों उपरांत क्या हमारी न्यायिक प्रक्रिया इतनी प्रगतिशील होनी संभव हो पायी कि सभी अपराधियों को त्वरित दंड एवं पीड़ितों को समुचित न्याय मिल सके?

प्रश्न चूंकि समूचे समाज से जुड़े हैं, उत्तर भी सभी स्तरों पर ही ढूंढने होंगे। समाधानिक तौर पर सुधारों के लिए पहल भी अपने आप से ही करनी होगी। अनावश्यक प्रलाप जितना अनुचित है, उससे भी कहीं अधिक बुरा है, सामाजिक सुधार के विषयों में जड़वत बने रहना। विषपादप तभी फलने-फूलने की हिमाकत करते हैं, जब संज्ञान होने पर भी उन्हें विनष्ट करने के प्रति उदासीनता दर्शायी जाये। सामूहिक स्वरों की प्रखरता से इनका समूल विनाश करना ही होगा, अन्यथा हर बार आंकड़े हमें यूं ही डराते रहेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# पोटका विधायक ने उठाया फसल नष्ट होने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान पोटका विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र में किसानों का फसल नष्ट होने का मामला उठाया। सोमवार विधानसभा पटल में विधायक ने कहा डुमरिया और पोटका प्रखंड के विभिन्न गांव में ग्रामीणों द्वारा तैयार किये फसल मिचोंग चक्रवात तूफान में बर्बाद हो गया। फसल नष्ट होने के कारण किसानों को जीविकोपार्जन के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा। विधायक ने कहा विधानसभा क्षेत्र में दौरा के दौरान किसानों ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए आर्थिक नुकसान होने की बात कहीं। विधायक ने सदन के माध्यम से इस मामले का सरकार को अवगत कराया। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने किसानों को क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 'फसल राहत योजना' के तहत मुआवजा देने के लिए सरकार से आग्रह किया।

# समाजसेवी ने की ओड़िशा के राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

## महिलाओं की सुरक्षा पर की चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की समाजसेवी रानी गुप्ता सोमवार को ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड और राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रंजन कल्याण संगठन की पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर वार्ता भी किया। कार्यक्रम में दिव्या सिंह, सरिता कुमारी, तारा, रीना देवी और अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग के सर्विस रोड का हाल बेहाल

**छोटे वाहन चालक मुख्य सड़क से विपरीत दिशा में चलने को विवश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग के सर्विस रोड के किनारे स्थित अलग- अलग कंपनियों के शोरूम के सामने छोटी बड़ी वाहनों का कतार लगी रहती है। जिसके कारण आम लोगो को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे सड़कों पर सुरक्षित यात्रा को लेकर गठित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की भूमिका कागजों तक ही सीमित होकर रह गयी है। ऐसे अनुमान लगाया जा सकता है समिति की बैठकों में पारित प्रस्ताव फाइलों में कैद होकर दुबारा अगली बैठक में ही खुलती हैं। इस बीच न तो बैठक में लिए गये निर्णय पर काम होता दिख रहा, ना ही इसमें कोई गंभीरता नजर आती है। नतीजे लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते है। बताया जारहा है टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग के सर्विस रोड के किनारे स्थित अलग-अलग कंपनियों के शोरूम का दायरा कागजों पर सीमित है। लेकिन जमीन पर उन्होंने सर्विस रोड को अपने दायरे में ले लिया है। जिससे सर्विस रोड पर चलने वाले छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर ना तो कभी सड़क सुरक्षा समिति की नजर पड़ती है, ना ही परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस की। वैसे सर्विस रोड की स्थिति भी काफी दयनीय है। लगभग सड़क में गड्ढे बन चुके हैं। सवाल उठता है इन्हें देखने वाले कोई नही है। जिसके कारण छोटे वाहन चालक मुख्य सड़क पर चलने को विवश होते हैं। जहां कभी-कभी वे सरपट दौड़ती तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार होते है। सर्विस रोड पर कहीं शोरूम संचालकों का कब्जा, तो कहीं फुटपाथी दुकानदारों का तो कहीं ट्रांसपोर्टरों का। ऐसे में सवाल ये उठता है किस काम का सड़क सुरक्षा समिति व किस काम का परिवहन विभाग। जबकि सूबे के परिवहन मंत्री के गृह जिला है।

# साकची के कैंपस अड्डा रेस्टोरेंट में आग लगने से अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची आमबगान मस्जिद के पास स्थित कैंपस अड्डा नामक रेस्टोरेंट में सोमवार को अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गयी। आग लगने की सूचना राज्य अग्निशमन विभाग को भी दी गयी, किंतु अग्निशमन विभाग की दमकल पहुंचने से पूर्व ही रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने वहां मौजूद अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को साकची आम बगान के पास स्थित रेस्टोरेंट कैंपस अड्डा के कर्मचारी किचन में गैस का सिलेंडर लगा रहे थे, किंतु सिलेंडर का सेफ्टी कैप खुलते ही तेजी से गैस निकलने लगी। पास में जल रहे चूल्हे के कारण गैस में आग लग गयी, इस हादसे से वहां अफरातफरी मच गयी। कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे, इसी बीच किसी ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दे दी, हालांकि कर्मचारियों ने भी रेस्टोरेंट में मौजूद अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग बुझाना शुरू कर दिया और अग्निशमन विभाग की दमकल पहुंचने के पहले ही कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड में कोई जख्मी नहीं हुआ है, हालांकि इस दौरान रेस्टोरेंट के कई सामान जल गये हैं। होटल के मालिक सैयद आसिफ ने बताया कि गैस सिलेंडर बदलते समय आग लग गयी, लेकिन रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने दमकल पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ी क्षति होने से बच गयी। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी विजय कुमार दुबे ने बताया कि उन्हें आमबगान के पास आग लगने की सूचना मिली थी, किन्तु उनकी टीम के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले ही रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने अपने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया था।

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में दो दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। को ऑपरेटिव कॉलेज में दो दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम का उद्घाटन धालभूम एसडीओ पियूष सिन्हा और प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। दो दिवसीय प्रदर्शनी में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में झारखंड के अलग-अलग जगहों से लगभग 80 कलाकारों ने भाग लिया हैं। मौके पर चेक करो विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।**

# जुगसलाई विधायक ने पटमदा मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय का मामला सदन में उठाया



श्री मंगल कालिन्दी, मा० सदस्य

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्यकाल में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी बात रखते हुए कहा पूर्वी सिंहभूम जिला के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पटमदा प्रखंड मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में जिला मध्य विद्यालय परिसर में अवस्थित तीन जर्जर कमरों में पठन-पाठन संचालित किया जाता है। आसन के माध्यम से लोकहित व जनहित में पटमदा के बामणी स्थित नवनिर्माण भवन में मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय के समुचित संचालन हेतु सरकार से आग्रह करते है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जनहित में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को सदन में ज्यादा से ज्यादा रख सकूं, इसके लिए लगातार प्रयासरत रहता है।

# अधिवक्ता राकेश कुमार पांडे का निधन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला बार संघ के अधिवक्ता राकेश कुमार पांडे का 18 दिसंबर को संध्या 4:00 बजे ब्रह्मानंद अस्पताल में मल्टी ऑर्गन फेल हो जाने के कारण निधन हो गया। मंगलवार को उनके पार्थिव शरीर का स्वर्ण रेखा वर्णन घाट में अंतिम संस्कार हेतु लाया जायेगा। पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता अक्षय कुमार झा ने इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता राकेश कुमार पांडे बहुत ही विनम्र स्वभाव के अधिवक्ता थे। वरीय अधिवक्ता नील बहादुर सिंहदेव के पास यह नियमित रूप से अपना प्रैक्टिस करते थे। आज वे हम सबके बीच में नहीं रहे। उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

# पूज्य संत गुरु घासी दास जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी नामदा बस्ती में पूज्य संत गुरु घासी दास जयंती मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिनेश कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने गुरु घासी दास की पूजा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं सतनामी समाज समिति के द्वारा दिनेश कुमार को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही संध्या बेला में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश बंजारे ने किया। मौके पर लक्ष्मण बारले, विशाल बंजारे, शिव कुमार पुरेना, विजय टंडन, संजय लाल बारले, डोमन बारले, विकास ध्रीतलहरे, श्याम खरे, राम चरण बंजारे, अमित कुमार, ओम प्रकाश, अमृत दास, गेंद लाल सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# गढ़वा में नक्सली और पुलिस की मुठभेड़

**थाना प्रभारी को लगी गोली, मेडिका में भर्ती**

**एक नक्सली धराया, एक एके 47 बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/रंका।** गढ़वा जिला माओवादियों से भले मुक्त हो गया हो लेकिन इससे अलग हुए संगठन जेजेएमपी और टीपीसी अभी भी पैर जमाएं हुए हैं। जिसका नतीजा है कि रविवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि रंका अनुमंडल इलाके के ढेंगुरा के जंगल में जेजेएमपी नक्सली संगठन किसी घटना को अंजाम देने के नियत से मौजूद था। सूचना मिलते ही रंका थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा पुलिस बल के साथ ढेंगुरा जंगल पहुंचे। जहां पुलिस को आता देख नक्सलियों ने गोली बारी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गयी। दोनों ओर से कई राउंड गोली चली। मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा को एक गोली सीने में लगी। लेकिन बुलेटप्रुफ जैकेट पहनने के कारण गोली असर नहीं हुआ। लेकिन थाना प्रभारी को दूसरी गोली कलाई में लगी। जिससे वे जख्मी हो गए। घायलावस्था में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए उन्हे रांची रेफर कर दिया गया। जहां मेडिका अस्पताल में उनका ईलाज चल रहा है।

उधर एसपी दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस बल जंगल में छापेमारी में जुट गयी है। वहीं पुलिस को यह भी जानकारी है कि जेजेएमपी नक्सली संगठन मुठभेड़ के बाद ज्यादा दुर नहीं भाग सका है। पुलिस सघन अभियान चलाकर जंगल को पूरी तरह से घेर कर छापेमारी में जुटी हुई है। इधर घटना स्थल से लौट रहे एसपी दीपक पांडेय ने रंका थाना में आजाद सिपाही को बताया कि ढेंगुरा जंगल में पिछली रात जेजेएमपी नक्सली पुलिस मुठभेड़ में शामिल एक नक्सली छापेमारी अभियान के दौरान पकड़ा गया है। इस नक्सली के द्वारा छुपाये गये राईफल एके 47 और मैगजीन बरामद किया गया है। इस छापेमारी अभियान में रंका, रमकंडा और चिनियां के पुलिस शामिल थे। पुलिस के द्वारा सभी नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर गढ़वा डीएसपी अवध यादव सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।



घायल थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा

### एडीजी अभियान और सिटी एसपी ने घायल रंका थाना प्रभारी से की मुलाकात

रांची। गढ़वा में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में उग्रवादियों की गोलियों से घायल हुए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को देखने के लिए कई पुलिस अधिकारी मेडिका अस्पताल पहुंचे। इस दौरान एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, रांची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता प्रमुख रूप से मौजूद दिखे। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल के डॉक्टरों से भी घायल पुलिस अधिकारी के ताजा स्थिति को लेकर बातचीत की, जिसमें रंका थाना प्रभारी की स्थिति को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बता दें कि रंका में पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में दो गोली रंका थाना प्रभारी को लगी, जिसके बाद आननफानन में उन्हें बेहतर उपचार के लिए पहले रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया और उसके बाद उन्हें मेडिका में भर्ती कराया गया है। इस मुठभेड़ में दो उग्रवादियों के ढेर होने की भी बात कही जा रही है, हालांकि अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।

# मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति फिर से बहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित संत हरिदास जी के कुटिया प्रांगण में समिति की बैठक की गयी। समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा एक अधिसूचना जारी करके मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति को फिर से बहाल कर दिया गया है। बोर्ड ने इस विषयक पत्र समिति के अलावा वर्तमान में सतबहिनी झरना तीर्थ के प्रशासक कांडी के अंचल पदाधिकारी को भी दी है। अभी सीओ ने बोर्ड की चिट्ठी नहीं मिलने का हवाला दिया है। झारखंड उच्च न्यायालय ने 22 फरवरी 2023 को पूर्व के फर्जी ट्रस्ट को निरस्त करते हुए झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड को स्थल पर जाकर वस्तु स्थिति की जांच कर नयी समिति के गठन का निर्देश दिया। आमसभा के दौरान हजारों लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पुरानी समिति को ही सतबहिनी के संपूर्ण विकास का कारक बताते हुए उसे ही बहाल करने का आग्रह किया। इसके आलोक में उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2023 को बोर्ड की बैठक में मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति को फिर से बहाल करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी। कांडी के प्रखंड प्रमुख और झारखंड राज्य प्रमुख संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि जब झारखंड सरकार की इकाई ने पूर्व की समिति को बहाल कर दिया है तो वर्तमान प्रशासक अंचल पदाधिकारी कांडी को शीघ्र ही समिति को प्रभार सौंपना होगा। मौके पर पूर्व मुखिया जय किशुन राम, अवधेश गुप्ता, सुरेश राम, सुदर्शन, प्रमोद, हरिद्वार, बैद्यनाथ, संत हरिदास, दिलीप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यरूप से जिला प्रभारी के रूप में हसनैन जैदी उपस्थित हुए। साथ ही इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जफर इकबाल ने किया। इस अवसर पर प्रभारी ने बताया कि विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में जिला सचिव फिरोज अंसारी, डंडई प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदीन, रमना 20 सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी, रमना प्रखंड अध्यक्ष गुलाम अली, डंडा प्रखंड अध्यक्ष मजहरूल, केतार अध्यक्ष मोजाहिम, जसमुदीन इत्यादि लोग भी उपस्थित थे।



## पेनाल्टी शूटआउट में रंका की टीम ने 4-3 से चिनिया को पराजित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय रामा शाहू स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का फाइनल मैच रंका बनाम चिनिया के बीच खेला गया। निर्धारित समय में गोल नहीं होने कारण पेनाल्टी शूटआउट से रंका की टीम ने 4-3 से चिनिया पर जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में भंडारिया बनाम रामकंडा के बीच खेला गया, जिसमें रामकंडा 1-0 से विजयी रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन तथा विशिष्ट अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत मुख्य रूप उपस्थी थे। मैच के उपरांत बेस्ट गोल कीपर महिला वर्ग में सुसमीता तिर्की रामकंडा, पुरुष वर्ग में आकाश दीप ऋषि रंका, मैन आफ द मैच पुरुष वर्ग में नंदू सिंह रंका, महिला वर्ग में दयावंती तानी भंडारिया, मैन ऑफ द सीरीज महिला वर्ग में असरिता भंडारिया और पुरुष वर्ग में सीबी सिंह चिनिया को सम्मानित किया गया।

## मुखिया ने 120 लोगों को कंबल का वितरण किया



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कटहर कलां पंचायत सचिवालय में दिन सोमवार को शिविर लगाकर असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। शिविर में कटहर मुखिया कलावती देवी जिप पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव कंबल वितरण का शुभारंभ किया मौके पर मुखिया ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच 120 कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, उप मुखिया मृत्युंज्य यादव, वार्ड सदस्य ललनबहादुर बैठा, राजेश पासवान, शिलवंती देवी, सुनीता देवी, कमला देवी सहित सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर तक पहुंचेगा न्योता



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर के परिसर में विश्व हिंदू परिषद कि बैठक सोमवार को किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री सह प्राण प्रतिष्ठा के संयोजक सोनू सिंह ने कहा कि बड़े सौभाग्य कि बात है कि 550 वर्षों के कड़ी संघर्ष और बलिदानों की आहूति देने के बाद राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण होने के बाद 22 जनवरी 2024 में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। बैठक में बजरंग दल जिला संयोजन शुभम चौबे, रविशंकर गुप्ता, सुनील गुप्ता, अर्जुन चौधरी, प्रवीण कुमार, शेखर गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, मनोज सिंग, भोला प्रजापति साहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ स्थित डोमनी पुल के पास दो बाइक की आपसी टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। घायलो में उत्तर प्रदेश के कोण थाना के मेटहडीया निवासी असर्फी उरांव उसकी भाभी मीना देवी, भतीजा रोमांस कुमार का नाम शामिल है। गंभीर रूप से घायल अशर्फी उरांव, रोमांस कुमार को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

## पशु बांझपन सेमिनार का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित अंधेरी बागिचा मैदान में पशुधन जागृति अभियान के तहत पशु पालन और सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में सोमवार को पशु बांझपन शिविर सह जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशु को गाभिन होने या नहीं होने की जांच और कृमि का भी जांच किया गया। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों के बीच दवा का वितरण भी किया गया। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ विद्यासागर सिंह, रांची भेटनरी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ बसंत कुमार सिंह, डॉ देश उरांव, डॉ उमेश कुमार, रंका पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुज सिंह राजपूत, डॉ मदुरेंद्र बचन, डॉ रंजीत डे, डॉ अमित कुमार, विनोद रजक, बाला जी, सुरेंद्र जी, लक्ष्मण शर्मा, शांति देवी, नितेश सहित काफी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नये पदाधिकारियों का चयन

**कमलेश गुप्ता को अध्यक्ष, राकेश बाबू सर्राफ को उपाध्यक्ष बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की आम बैठक स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में हुई। इस बैठक में सत्र 2024 के नए पदाधिकारियों के चुनाव हेतु चुनाव संचालन समिति के संयोजक अजयकांत पाठक की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ। चुनाव संचालन समिति के संयोजक अजयकांत पाठक के साथ चुनाव संचालन समिति सदस्य ध्रुव केशरी, नंद कुमार गुप्ता, दीपक तिवारी तथा विनोद कुमार गुप्ता की उपस्थिति में सत्र 2024 के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सर्व कमलेश गुप्ता को अध्यक्ष, राकेश बाबू सर्राफ को उपाध्यक्ष आंतरिक, अशोक गुप्ता को उपाध्यक्ष, मोजीबुद्दीन खान को प्रशासनिक निदेशक, अशोक केशरी को वित्त निदेशक चयनित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई और शुभ कामनाएं दीं। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष - कमलेश कुमार गुप्ता, जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन 8 यूनिट 2 के निदेशक मनोज केशरी रूपा गंजी, जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के दीपक तिवारी, ध्रुव केशरी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी आदि सदस्य उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग के खजुरी बस स्टैंड के समीप दो पहिया वाहन और मोटरसाइकिल के आमने-सामने टकर में बाइक सवार एक युवक की इलाज के दौरान अमरदीप मांझी की मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल दुसरे युवक का उपचार मेदनीनगर सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रमर गांव के सखुआपानी टोला निवासी राम सकल मांझी के 22 वर्षीय पुत्र अमरदीप मांझी अपने बाईक से गांव के ही अपने एक अन्य दोस्त दुखराज सिंह के 17 वर्षीय पुत्र उदय सिंह के साथ दुर्जन गांव से अपने रिश्तेदार के यहां से अपने घर सखुआ पानी लौट रहा था। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के द्वारा दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल डालटेनगंज भेजा गया।

## भाजयुमो मंडल सशक्तिकरण की बैठक संपन्न



**रंका।** प्रखंड के गिदीयाही शिव मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता युवा मोर्चा रंका उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष सशक्तिकरण सह कार्यसमिति का बैठक आहूत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शामिल हुए भाजयुमो जिला महामंत्री सह मंडल सशक्तिकरण प्रभारी विकास तिवारी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सत्ता में आने से लेकर अभी तक अभी तक लगातार युवाओं को छलने का कार्य कर रही है। प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर सत्ता में आयी। यह हेमंत सरकार युवाओं के प्रति अपनी जवाब देही को भूल गयी है। हिंदी, मगही, भोजपुरी, अंगिका जैसी भाषा को हटाकर और जेएसएससी जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा को रद्द कर लगातार युवाओं के भविष्य के साथ के खेलने का कार्य कर रही है। सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार आज हर विभाग में लूट का केंद्र बना कर रखी है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रविंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद गिरिवर यादव कंचनपुर मुखीया शेखर भुइयां बिपीन तिवारी, सत्यनारायण यादव, अजय रविदास, आशिष गुप्ता जितेंद्र यादव, सुनील यादव, उपेन्द्र चंद्रवंशी दिनेश और भाजयुमो मंडल कार्यसमिति और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन होगा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। वन प्रमंडल परिसर, गढ़वा में अवस्थित वन भवन में दिनांक 20.12.2023 को अपराह 12:30 बजे अग्निपथ योजना से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन होगा। जिसमें सेना भर्ती कार्यालय, रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार वन प्रमंडल परिसर, गढ़वा में अवस्थित वन भवन में उक्त तिथि को अग्निपथ योजना से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन किया गया है। उपायुक्त द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेज के छात्र छात्राओं और सेना भर्ती हेतु रूचि रखने वाले युवाओं से अपील किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम में दी जाने वाली अग्निपथ योजना से संबंधित मोटिवेशनल व्याख्यान को सुनने की अपील की गयी है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता महिला गुलाप्सा खातून, उम्र–24 वर्ष, पति–पिन्टु खान, पिता–शशकीम खान ग्राम–डुमरटोली, थाना–बसिया, जिला–गुमला (झा0), जो दिनांक–24.11.2023 से अपने घर से लापता है, जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता महिला की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है :–

नामः– गुलाप्सा खातून
लिंगः– स्त्रीलिंग
उम्रः– उम्र लगभग 24 वर्ष
रंगः– गोरी
ऊँचाईः– लगभग 5 फीट ।
पहनावाः– काला रंग का कुर्ती एवं प्लाजो
भाषाः– सादरी एवं हिन्दी।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता महिला गुलाप्सा खातून के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा मोबाइल नं0–9431116444
थाना प्रभारी, कोलेबिरा मोबाइल नं0–9431706235
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक
सिमडेगा

PR 313716 Simdega (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

तत्कालीक साक्षात्मक (Walk-in-Interview) हेतु विज्ञापन
NH/HAZARIBAGH/2023-24/12

क्षेत्रीय पदाधिकारी, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, राँची का पत्रांक – RW/Ranchi/Man Power/Gen /JHR/21-22 दिनांक 24.11.2023 में दिये गये निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग कार्यालय में हजारीबाग जिले हेतु अमीन के एक पद पर अति–अल्पकालीन समय के लिए हजारीबाग जिलान्तर्गत स्थायी निवासी आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। यह बिल्कुल अस्थायी व्यवस्था है। Walk-in-Interview हेतु दिनांक 27.12.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक नीचे दिये गये अहर्त्ता पूर्ण करने वाले आवेदकों से स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदकों का तत्कालिक साक्षात्कार (Walk-in-Interview) दिनांक 29.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल कार्यालय, पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग–825301 के अभियंता भवन में संपन्न होगा।

अहर्त्ता
1. आवेदक हजारीबाग जिले का स्थायी निवासी हो। आवेदन पत्र के साथ सक्षम पदाधिकारियों द्वारा निर्गत संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
2. अंचल कार्यालय/बंदोबस्त कार्यालय/नगर निगम कार्यालय में कार्य करने का अनुभव यदि हो, तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
3. NH में कार्य करने का अनुभव प्राप्त को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक केन्द्रों से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय या दो वर्षीय भू–मापी (सर्वेयर) प्रमाण–पत्र मान्य होंगे
5. उच्चतर शिक्षा एवं कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. यह बिल्कुल ही अस्थायी नियत मासिक पारिश्रमिक तौर पर नियुक्ति है, भविष्य में स्थायी के लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता हैं।

नोट :– आवेदन–पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन–पत्र राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल कार्यालय, पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग–825301 में जमा होगा।

कार्यपालक अभियंता रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR313749 (Road)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

तत्कालीक साक्षात्मक (Walk-in-Interview) हेतु विज्ञापन
NH/HAZARIBAGH/2023-24/11

क्षेत्रीय पदाधिकारी, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, राँची का पत्रांक – RW/Ranchi/Man Power/Gen/JHR/21-22 दिनांक 24.11.2023 में दिये गये निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग कार्यालय में चतरा जिले हेतु अमीन के एक पद पर अति–अल्पकालीन समय के लिए चतरा जिलान्तर्गत स्थायी निवासी आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। यह बिल्कुल अस्थायी व्यवस्था है। Walk-in-Interview हेतु दिनांक 27.12.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक नीचे दिये गये अहर्त्ता पूर्ण करने वाले आवेदकों से स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदकों का तत्कालिक साक्षात्कार (Walk-in-Interview) दिनांक 29.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल कार्यालय, पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग–825301 के अभियंता भवन में संपन्न होगा।

अहर्त्ता
1. आवेदक चतरा जिले का स्थायी निवासी हो। आवेदन पत्र के साथ सक्षम पदाधिकारियों द्वारा निर्गत संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
2. अंचल कार्यालय/बंदोबस्त कार्यालय/नगर निगम कार्यालय में कार्य करने का अनुभव यदि हो, तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें।
3. NH में कार्य करने का अनुभव प्राप्त को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक केन्द्रों से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय या दो वर्षीय भू–मापी (सर्वेयर) प्रमाण–पत्र मान्य होंगे
5. उच्चतर शिक्षा एवं कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. यह बिल्कुल ही अस्थायी नियत मासिक पारिश्रमिक तौर पर नियुक्ति है, भविष्य में स्थायी के लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता है।

नोट :– आवेदन–पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन–पत्र राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल कार्यालय, पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग– 825301 में जमा होगा।

कार्यपालक अभियंता
रा०उ०पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 313751 Road (23-24)_D


# कांग्रेस की 'देश के लिए दान करें' एक क्राउडफंडिंग अभियान की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा ज़िला कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई0 ओबैदुल्लाह हक अंसारी के अध्यक्षता में किया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केन्द्रीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार 'देश के लिए दान करें' एक क्राउडफंडिंग अभियान की पहल की गयी है। इसकी शुरूआत आज गढ़वा ज़िला अध्यक्ष ई0ओबैदुल्लाह हक अंसारी और प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक कांग्रेस) हसनैन जैदी के द्वारा किया गया। मौके पर बोलते हुए ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का यह पहल हम सभी कांग्रेस जनों के लिए गर्व की बात है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक पहल 'तलक स्वराज फंड' से प्रेरित है और इसका उद्देश्य समान संधारण वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का यह अभियान 'बेहतर भारत के लिए दान' हमारी पार्टी की 138 साल की याद दिलाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं/समर्थकों को दान करने कि ले लिए आमंत्रित करती है, जो एक बेहतर भारत के लिए पार्टी की स्थायी प्रतिबद्धता को प्रतीक है। आनलाइन क्राउडफंडिंग www.donateinc.in या www.inc.in के माध्यमों से की जा सकती है। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दूबे, गुड्डु दुबे, अल्पसंख्यक कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष जफर इकबाल, पीयूष चौबे, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्रनाथ चौबे,डंडई प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, सगमा युवा अध्यक्ष आलोक सहित अन्य लोग मौजूद थे10



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## तमाड़ की मरधान पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# योजनाओं के लाभ के लिए 1337 आवेदन आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड की मरधान पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 1337 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसमें अबुआ आवास के 759 आवेदन फार्म जमा किये गये। 210 लोगों ने सोना सबरण योजना के तहत धोती साड़ी के लिए आवेदन दिया। 90 लोगों के बीच दवाई का वितरण किया गया। 44 लोगों ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन जमा किये। 150 लोगों को कंबल का वितरण किया गया। चार लोगों ने विधवा पेंशन, चार लोगों ने दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन जमा किया। सावित्री वाई फुले बालिका समृध्दि के लिए सात आवेदन प्राप्त हुए। कुछ मामलों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ संतोष प्रजापति, सीओ अतुल रंजन भगत के अलावे विधायक प्रतिनिधि रिसीकेश महत, बासु सेठ के साथ मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य और गामीण मौजूद थे। ।








### आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए

बुंडू। बुंडू प्रखंड की ताऊ पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 1656 आवेदन प्राप्त किये गये, जिसमें सिर्फ अबुआ आवास योजना के तहत 810 आवेदन तथा नया जॉब कार्ड में 175आवेदन आये। बाकी 671 आवेदन में 55 आवेदन का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में बुंडू सीओ पवन कुमार, प्रमुख राजकुमार बिंझिंया उपस्थित हुए। प्रमुख ने कहा कि सरकार आवेदन का जल्द निष्पादन करे। इस अवसर पर लोकपाल प्रतिनिधि पुष्पलता जायसवाल उप प्रमुख सीमा देवी, ताऊ पूर्वी पंचायत समिति सदस्य रीना मुंडा, मुखिया रोशनी लंग, इंस्पेक्टर संजीव कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ दिलीप सहित अंचल के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




### 392 आवेदनों का निष्पादन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के वार्ड नंबर 11 स्थित लिली स्कूल (मांझी टोली) में झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 503 आवेदन आये, जिसमें से 392आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार, नगर प्रबंधक अनूप कुमार, मुकेश सिंह, महफूजुर रहमान, प्रधान सहायक संदीप शर्मा, दिनेश भगत, सिद्धार्थ बिद, उमेश सेठ, प्रदीप दास आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को कर्रा प्रखंड की कच्चाबारी पंचायत में यिाविर लगाया गया और लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सुशील पहान, विनोद उरॉव, हेमंत तोपनो, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में छह लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन का लाभ, 65 लाभुकों को धोती, लूंगी, साड़ी योजना का लाभ, पांच वृद्धजनों को कंबल, चार छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण योजना के तहत खाता में राशि का हस्तांतरण, आंगनबाड़ी के बच्चे का अन्नप्राशन, एक महिला की गोदभराइ, जेएसएलपीएस की 30 दीदियों को आइडी कार्ड दिये गये। मौके पर वन विभाग द्वारा ग्रामीणों में 100 पौधो का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गये थे। विभागों द्वारा 401 आवेदन प्राप्त किये गये। साथ ही 212 लोगों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 111 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी।

# कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने का नाम है मोदी सरकार : रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन मे सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सबसे पूर्व मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने कार्यक्रम प्रभारी रामदेव भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय और भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। प्रभारी रामदेव भोक्ता ने कहा कि कमजोर वर्गो की आकांक्षाओं को पूरा करने का नाम मोदी सरकार है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि देश का स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच स्टार्टअप्स की संख्या 90 हजार से अधिक हो गयी है, जिसने नवाचार और प्रौद्योगिकियों के केंद्र के रुप में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, अजय कुमार सिंह, रामप्रसाद महतो, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश महतो, धनराज भोक्ता, रामलाल महतो, अमित कुमार सिंह,सुखी गंझू, गणेश भुइयां, उप मुखिया किरण देवी, सोमनाथ गंझू, राम विलास गंझू, फूल कुमारी, रौशन गुप्ता, ओम प्रकाश केशरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज आगे बढ़ेगा : अरुण सांगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड स्थित ईडेन इंग्लिश मीडियम स्कूल सुरुंदा में सोमवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव सह क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा शामिल हुए। मौके पर अपने संबोधन में अरुण सांगा ने कहा कि गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। गांव के बच्चे शिक्षित होंगे, तो समाज और गांव आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में कांगेस के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो उस्मान, खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य शशांक राज, एसडीए स्कूल खूंटी के राजेश आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने हिंदी, नागपुरी, मुंडारी आदि गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके योगदान के लिए अरुण संगा और प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकगण और अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## अब्दुल्ला अंसारी ने खाद्य सामग्री देकर की मदद



**खलारी** (आजाद सिपाही)। मजदूर नेता ने खलारी के चदरा धौड़ा में स्वर्गीय गुड्डू भुइयां के परिजन को खाद्य सामग्री दिया। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व गुड्डू भुइयां का बीमारी से मृत्यु हो गया था। गुड्डू बहुत ही गरीब परिवार से था। अब्दुल्ला को जानकारी मिलने के बाद अपने कार्यकर्ता धर्मेंद्र चैहाण व राकेश चैहान के द्वारा खाद्य सामग्री देकर मदद किया। साथ ही आगे भी हर संभव मदद करने का आष्वासन दिया।

## सिमेंट फैक्ट्री प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच बैठक

# स्थानीय रैयतों को रोजगार दिया जाये : बिगन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को फैक्ट्री प्रबंधन के साथ बैठक किया। मोर्चा ने एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में हुई बैठक में खलारी सिमेंट फैक्ट्री प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगों को रखा। वार्ता के दौरान भोगता ने फैक्ट्री में चल रहे कार्य में स्थानीय रैयतों को रोजगार देने की बात रखी। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री के स्थापना और कार्य के लिए स्थानीय रैयतों ने अपनी जमीन एवं सहयोग दिया और आज रैयत और उनके वंशजों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। फैक्ट्री में सिमेंट उत्पादन पूरी तरह से बंद कर कोयला का कारोबार किया जा रहा है जिसमें यहां के एक भी रैयत को रोजगार न देकर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है जबकि रोजगार में प्राथमिक्ता के तौर पर रैयतों का अधिकार है। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से आला अधिकारियों से विचार विमर्श के लिए पांच दिनों का समय लिया गया। साथ ही मोर्चा से रैयतों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। जिन्हें कार्य और प्राथमिक्ता के आधार पर नॉकरी देने की बात कही गयी है। मौके पर प्रबंधन की ओर से जेपी सिन्हा, रामानुज सिंह एवं मोर्चा के तरफ से रामलखन गंझू, रंथू उरांव, विनय खलखो, अमृत भोगता, दामोदर गंझु, प्रभाकर गंझू, श्यामजी महतो, शिवनारायण लोहरा, राजेन्द्र, प्रेम गुप्ता, रामधारी गंझू, आजाद, सुनील यादव, छोटु पाहन, चरकु गंझू, सुरेंद्र गंझू, किशुन गंझू, युगल गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता में सरना एकेडमी कुसुमटोला बनी चैंपियन

# पिपरवार के तीन स्कूलों ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल एनके एरिया के केन्द्रीय विधालय डकरा मे आयोजित 16वां चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन किया गया। इस प्रतियोगिता मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र से लगभग 100 वुशु खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे सरना एकेडमी कुसुमटोला पिपरवार के खिलाड़ियो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरे प्रतियोगिता मे पांच स्वर्ण पदक, छह रजत और चार कास्य पदक प्राप्त कर 16 वां चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता का ओभरऑल चैम्पियन बना। वहीं न्यु मार्डन इंगलिश मिडियम स्कूल न्यु मंगरदाहा पिपरवार के खिलाड़ियो ने तीन स्वर्ण पदक, चार रजत और तीन कास्य पदक के साथ उप विजेता बना, जबकि आक्सफोर्ड स्कूल बहेरा पिपरवार ने दो स्वर्ण पदक, तीन रजत और दो कास्य पदक के साथ तृतीय स्थान पर रहा। विजेता और उपविजेता बनी स्कूल की टीम को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय वुशू निर्णायक रौशन रजक और भारतीय सीमा सुरक्षा बल के जवान और राष्ट्रीय वुशू निर्णायक विशाल गंझु ने किया। इस मौके पर कोच रजी अहमद, रौशन रजक, विशाल गंझु, समाजसेवी गणेश भुइयां, मोहम्मद जुलफान सहित काफी संख्या मे वुशु खिलाड़ी मौजुद थे।

## चुरी पश्चिमी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन

# शिविर में 1182 आवेदन आये, 861 का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** चुरी पश्चिमी पंचायत स्थित महावीर नगर में सोमवार को अंचल अधिकारी खलारी षिषुपाल आर्य की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य कुंजिता देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह, कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष रंथू उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गये स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली और समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित 1182 आवेदन दिए जिनमें से 861 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया। अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं कार्यक्रम में 95 जाति व 74 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया। 200 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, 15वें वित्त आयोग के तहत 23 नयी योजनाएं स्वीकृत की गयी। इसके अलावा 188 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 65 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान 155 लोगों को कंबल, 230 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 12 आवेदन, निर्वाचन संबंधित 20 अवोदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 08 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 43 आवेदन, आधार पंजियन के लिए 10 आवेदन के अलावा अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों द्वारा आवेदन दिया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बूथ को सशक्त करने और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की मंडल सशक्तीकरण को लेकर एक आवश्यक बैठक तमाड़ की देवरी ग्राम और रड़गांव मंडल की रुगड़ी में हुई। तमाड़ में हुई बैठक की अध्यक्षता महावीर सोनी की ने की, वहीं रड़गांव मंडल में संजय महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेकानंद जायसवाल और विशिष्ट अतिथि रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा उपस्थित हुए। बैठक में बूथ को कैसे सशक्त किया जाये और केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी जन–जन तक कैसे पहुंचे, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा महामंत्री विवेक गुप्ता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री दिनेश साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सुरेंद्र साहू, अंगद महतो, शंकर सोनी, जयपाल जोगी, राजकुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, गणेश कुम्हार, काली साहू, हरे कृष्ण प्रमाणिक, रमेश मछुआ, संकर मुंडा, किंकर महतो, अंकित मांझी, निर्मल महतो, शैलेंद्र महतो, राजा महतो, अरुण पुरान, रुमित मांझी, मदन सिंह मुंडा, हरि सिंह मुंडा, काली साहू आदि उपस्थित थे।

### कल्याणपुर में कल होगी नेत्र जांच व कंबल वितरण

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर मे बुधवार 20 दिसंबर को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर सह कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर और झामुमो नेता मनोज चंद्रा और प्रेमलता चंद्रा शामिल होगे। कार्यक्रम को लेकर स्कूल प्रबधंन के द्वारा सारी तैयारी लगभग पुरी कर ली गयी है। स्कूल के निदेशक मोहम्मद शाहिल ने बताया कि सेन्टर फॉर साईट के तत्वाधान मे नि:शुक्ल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे क्षेत्र के लोगो की आंखो की जांच की जायेगी। वही गरीब और असहाय लोगो के बीच कंबल का भी वितरण किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगो से शिविर में लाभ उठाने की अपील की है।

### ग्राहकों से गुलजार है खूंटी का क्रिसमस बाजार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मसीही विश्वासियों के सबसे पवित्र और बड़े त्यौहार क्रिसमस को लेकर जिला मुख्यालय के अलावा सभी प्रखंडों में भी क्रिसमस का बाजार गुलजार है। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में प्रभु यीशु मसीह के जन्म समारोह को धूमधाम से ईसाई मिशनरियों द्वारा मनाया जाता है। यीशु मसीह के आगमन काल को मनाने की तैयारी में मसीही विश्वासी जुट गये हैं। मसीही विश्वासियों में पर्व को लेकर उनका उत्साह देखा जा रहा है। इस बार भव्य आयोजन को लेकर ईसाई समुदाय के लोग विगत कुछ दिनों से तैयारियों में जुट गये हैं। इस निमित्त कैथोलिक चर्च जीईएल चर्च, सीएनआइ चर्च सहित अन्य सभी चर्चो को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। क्रिसमस बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस बार क्रिसमस बाजार में क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज, स्टार लाइट समेत अन्य सजावटी वस्तुओं की विशेष मांग है। इसके साथ ही हल्के और फोल्डेबल चरणी, क्रिसमस थीम लाइट सहित खास गिफ्ट आइटम की भी काफी डिमांड है।

### भाजपा कार्यकर्ता काली महतो का निधन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता काली महतो का निधन रविवार की देर रात उनके पैतृक गांव मुरहू प्रखंड के कुजला गांव में हो गया। पूरे इलाके में वे काली मामा के नाम पर जाने जाते थे। काली महतो के निधन पर खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंड, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप साहू, संदन महतो, परिमल महतो सहित भाजपा के कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। भ ाजपा नेता काशीनाथ महतो ने कहा कि काली मामा एक नेक दिल इंसान थे और सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते थे।

### सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने पर विधायक के प्रति जताया आभार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने रनिया प्रखंड के लोगों की मांग को पूरा करते हुए डोयेंगेर से ईटम वाया ढुमाइटोरी पथ(लंबाई 4.5 किमी) की स्वीकृति दिलाने पर पर रनिया प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक को बधाई दी है। नारायण साहू ने कहा कि लगभग साढे चार किलोमीटर इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सड़क के जर्जर होने से उसे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। भाजपा के रनिया मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना ने कहा कि कोचे मुंडा हमेशा जन समस्याओं के निराकरण के प्रति सक्रिय रहे हैं। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर 20 सूत्री के पूर्व अध्यक्ष शिव अवतार सिंह, बिमला देवी, सीताराम नाग, मंगरा गोप, चंद्र मोहन साहू, ग्राम प्रधान रब्बु मुंडा के अलावा डोयेंगेर, ईटम, ढुमाइरटोली, रंगरोड़ी व गांव के लोगों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

### भोपाल में आयोजित होनेवाली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेंगे खूंटी के चार शूटर्स



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी राइफल क्लब के चार शूटर मध्य प्रदेश कराजधानी भोपाल में आयोजित होनेवाली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों में सास्वत तिवारी, ज्योति रानी, प्रवीण हेरेंज और रचित रंजन प्रसाद शामिल हैं। खिलाड़ियों को सोमवार को रांची खेलगांव के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर राइफल क्लब के अध्यक्ष सह एसडीओ अनिकेत सचान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। एसडीओ ने जिले में 50 मीटर शूटिंग रेंज शुरू करने को लेकर भी विचार–विमर्श किया। इसके लिए उन्होंने स्थल चयन करने को कहा। क्लब के कोच सह सचिव अनुज कुमार ने बताया कि चारों खिलाड़ियों का सितंबर में रांची खेलगांव में आयोजित प्रतियोगिता में चयन हुआ था। उन्हें भोपाल रवाना करने से पूर्व खेलगांव में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद 26 दिसंबर को भोपाल रवाना होंगे। वहां 28 दिसंबर से खेलो इंडिया के तहत आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। मौके पर डीएवी स्कूल के शारीरिक शिक्षक मृत्युंजय, क्लब के सदस्य विपुल जायसवाल, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में ठंड से सब्जियों-फसलों को नुकसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड व कोहरे की वजह से किसान, मजदूर व आमजन परेशान हैं। पाला जमने से सबसे अधिक सब्जी की फसल को नुकशान हो रहा है। इससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि पाला कुहासा लंबी चलती है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं घने कोहरे से तेज रफ्तार वाहनों पर ब्रेक लग गया है। सोमवार की सुबह पांच बजे से आठ बजे तक घने कोहरे ने सड़कों पर रफ्तार को ब्रेक लगा दिया। रांची-गुमला मुख्य मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग-43) पर लाइट व इंडिकेटर के सहारे वाहन रेंगते रहे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक-चौराहों पर सनाटा पसर जा रहा हैं। लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के नगड़ी टोली, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान पाला व ठंड की दोहरी मार झेलने को विवश हैं। आलू, मटर, बैंगन, गोभी, टमाटर व गेहूं सहित सभी फसलें प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान पवन कुमार, पंकज कुजूर, विशेश्वर मिंज, बिरसा कुजूर, करमा उरांव, राम उरांव, वंदे लकड़ा और विरन उरांव ने बताया कि रात में पाला व कुहासे की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। केसीसी ऋण लेकर खेती करने वाले किसान मायूस हैं। वहीं, स्कूली बच्चों को स्कूल व ट्यूशन जाने में परेशानी हो रही है।

## जिप सदस्य बिपिन टोप्पो ने किया ब्रोस मोमो मिनी रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटारोड स्थित बरगावां पंचायत के पतराटोली चौक के समीप सोमवार को ब्रोस मिनी रेस्टोरेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक स्वर्गीय सावना लकड़ा की पत्नी (माता) सीता लकड़ा एवं जिला परिषद सदस्य बिपिन टोप्पो ने संयुक्त रुप से किया। जिप सदस्य ने कहा कि टाटारोड पतराटोली चौक के समीप ब्रोस मोमो रेस्टोरेंट खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। वहीं, रेस्टोरेंट के संचालक मुरलीधर ने कहा कि हमारे यहां उचित मूल्य पर फास्ट फूड घर की तरह उपलब्ध है। इस मौके पर कांग्रेस रांची जिला सचिव मीनू सिंह, मेरी तिर्की, सुधीर कच्छप, मुन्ना टूटी, शौकत अली, मिथिलेश, सुशील, धर्मवीर, विक्की, राजेश, अंशु आदि मौजूद थे।

## यीशुखीस्त जन्म मिलन समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम पुरुलिया रोड स्थित संत जोन द बपतिस्त चर्च नामकुम जोरार में यीशुखीस्त का जन्म पर्व पर भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा के अलावा डीएसपी जैप-10 सुमन गिनी नाग भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वल्लित व केक काटकर की। इसके बाद सुदुर सारंडा वन क्षेत्र केंदुदाआ गांव के बच्चों द्वारा मुंडारी गीत व रांची पेरिश के बच्चों नृत्य द्वारा मुंडारी क्रिसमस जुगल नृत्य, बिगुल बाजा, साडी ताना, माता-समाज एवं यूथ द्वारा हिन्दी, सादरी, मुंडारी गीतों की शानदार प्रस्तुती की गयी। इस अवसर पर वार्ड प्रार्षद कविता सांगा ने कहा कि क्रिसमस हमें परमेश्वर का मानवता के प्रति प्रेम को प्रकट करता है। सुमन गिनी ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म पूरे संसार के लोगों को पाप से मुक्ति दिलाने के लिये हुआ है। इस मौके पर पास्टर एसएस डाहंगा, विशप नोएल हेम्ब्रोम, पूर्व पार्षद किरण सांगा, विशप एसके भुईयां, डॉ जूनूल पूर्ति, बादल सांगा, स्नेहल, प्रज्ञा, प्रगति, अभिज्ञ, स्वपनिला, जीरेन आदि थे।

## लापुंग में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय प्रांगण में सोमवार को सरकारआपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, बीडीओ एमानुएल जयवीरस लाकड़ा, सीओ पंकज कुमार, जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सविता उरांव, पंसस हिंना तरनुम और कांग्रेस अध्यक्ष जयंत बरला ने सयुक्त रूप किया। इस कर्यक्रम में कुल 1302 आवेदन प्राप्त हुए, जिस में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के 459 व गुरुजी क्रेडिट कार्ड के 105 आवेदन आए। इसके अलावा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधान मंत्री आवास, आय आवासीय के अलावे अन्य योजना का आवेदन आया। किशोरी समृद्धि योजना, आय जाति, साइकिल वितरण, जॉबकार्ड वितरण के अलावे अनेक योजनाओं से जुड़ी परिसंपत्तियों का का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ मो इम्तियाज, सहकारिता पदाधिकारी विनोद नारायण झा, कृषि पादाधिकारी, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व महिला समूह के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

## बुढमू में सरकार आपके द्वार का आवेदन 28 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसलपिरी पंचायत में सोमवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न प्रकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें गुरुजी क्रेडिट कार्ड,अबुआ आवास, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री पशुधन पशु शेड, सामूदायिक वन पट्टा, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जनजातीय कल्याण एवं अन्य योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, एवं कई योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में 28,66,100 लाख की परिसंपति का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 1276 आवेदन आए। कार्यक्रम में कई स्कूली बच्चों को साइकिल के लिए चेक वितरण किया गया। कई किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं, ग्रामीणों के बीच कई तरह के आम, कटहल, अमरूद आदि पेड़ पौधों बांटे गए। लगे हाथ सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का लोगों से अपील की गई। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी राम नारायण सिंह, बीडीओ धीरज कुमार, बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, पूर्वी जिप सदस्य मनोज बाजपेई, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू आदि उपस्थित थे।

## आश्वासन : डूंगरी में सरकार आपके द्वार का आयोजन

# समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत डूंगरी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम महिला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक एवं अधिकारियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। वहीं, विधायक ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी आपके ग्राम में उपस्थित हुए है। सभी ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं को संबंधित अधिकारी के समक्ष रखें। त्वरित उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते खिजरी विधायक व अन्य।

कार्यक्रम में लगभग 2300 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 22 आयुष्मान कार्ड, 5 मनरेगा, 150 कंबल वितरण, 606 धोती साड़ी लूंगी वितरण, 05 सर्वजन पेंशन और 303 अन्य ( कुल 1091 ) आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रत्येक कच्चे आवास के लाभुको को अबुआ आवास का लाभ दिया जायेगा। जिन पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। वहां पंचायत स्तरीय समिति का गठन कर अबुआ आवास का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन के बाद स्कोर निर्धारण के बाद ग्राम सभा से पारित कर स्वीकृति दी जायेगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अमित भगत, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, नीलम माइकल, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अमरेंद्र श्रीवास्तव, अंचल निरीक्षक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिन्हा, बीपीओ मनरेगा मरियम बानो, मुखिया जीता कच्छप, पंचायत समिति सदस्य मंगरा कच्छप, सभी वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कश्मीरी युवाओं के लिए स्वागत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** रांची इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में सोमवार को कश्मीरी युवाओं के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2023 *वतन को जाने* के तहत जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, बडगाम, श्रीनगर एवं पुलवामा जिले के कुल 122 युवाओं का दल पिछले छह दिनों से झारखंड के दौरे पर है कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड राज्य की कला संस्कृति की प्रस्तुति देते हुए आदिवासी नृत्य झूमर से की गयी। आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने सभी कश्मीरी युवाओं का अभिवादन किया। बताया कि यह हमारे लिए काफी हर्ष की बात है कि कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत हमें इन युवाओं से मिलने तथा कश्मीर की संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक परिस्थितियों और कश्मीरी व्यंजनों को जानने का मौका मिला। कश्मीरी युवाओं को संस्थान में पढाये जा रहे संबंधित पाठ्यक्रम के सभी विभागों के साथ ही छात्रों के आवासीय परिसर का भी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। मौके पर राजभवन के ओएसडी संजीव राय, नेहरू युवा केंद्र संगठन के उप-निदेशक एसपी सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, गौरव मित्तल, कौशल किशोर, और अंजनी सिंह आदि थे।

# लूटकांड में पकड़े गये सभी आरोपितों को भेजा गया जेल

**पुलिस ने लूट कांड में शामिल हथियार, कारतूस, कार और लूट का समान किया गया बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** अनगड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के हेसल रोड में बेड़वारी स्थित गंगाधर चैधरी के घर पर विगत 27 नवंबर की रात एक पार्टी में जुआ खेल रहे लोगों को हथियार के बल पर लूटने के आरोप में शनिवार की रात छापामारी के दौरान पकड़ा था। उनके पास से छह देशी रिवाल्वर, 315 बोर के सात जिंदा कारतूस, एक डीबीआर बॉक्स, एक बोलेरो वाहन और लूट के सोने की अंगुठी व चेन बरामद किया है। पकड़े गए सभी अपराधियों को पुलिस ने सोमवार की शाम जेल भेज दिया। उनकी पहचान चान्हों थाना क्षेत्र के चोरया व तरंगा गांव के नसीम अंसारी व तबारक खान, ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा निवासी अकबर अंसारी, सिकिदीरी थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी बलराज नायक और सुधीर नायक व अनगड़ा थाना क्षेत्र के साल्हन गांव निवासी मुनेश्वर महतो और सिरका गांव के करमलाल महतो उर्फ बुचा के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो को चान्हों थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। इस घटना के संबंध में साल्हन गांव निवासी सावन महतो ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया गया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए अनगड़ा पुलिस ने काफी दिनों से जाल बिछा रखा था। जिसके बाद पुलिस को इस लूट कांड का उद्भेदन करने में बड़ी कामयाबी मिली। इस लूटकांड का उद्भेदन करने में थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, एसआई संतोष गिरि, एएसआई सचिन लकड़ा, चालक सरजू प्रसाद सहित थाने के पुलिस बल का योगदान रहा।

## मोदी राज में महंगाई चरम पर : सुंदरी तिर्की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सोमवार को डाक बंगला में एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड महिला अध्यक्ष सरिता देवी ने किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक सुंदरी देवी के अलावा जिलाध्यक्ष मेरी तिर्की भी मौजूद थी। सुंदरी तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार में मंहगाई चरम पर है। बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने सभी शाखा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर केंद्र सरकार की विफलता एवं झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और लोकसभा चुनाव के लिए अभी से ही तैयारी में जुट जाने को कहा। सम्मेलन में प्रखण्ड प्रभारी मीनू सिंह, मंडल अध्यक्ष बरतू मुण्डा, शहनाज खातुन, शिवदास गोस्वामी, पंसस शीला देवी, ममता देवी, यशोदा देवी, संगीता कैथा, कलावती देवी, अनिता देवी, दीपिका देवी, सविता देवी, रेखा देवी, करमी देवी, कनिष्ठा एक्का, मुमताज खान, समशाद अंसारी, सफीक अंसारी आदि मौजूद थीं।

## बेड़ो प्रखंड के केशा पंचायत में सरकार आपके द्वार का आयोजन

# ग्रामीणों तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ देना ही है कार्यक्रम का उद्देश्य : बीडीओ

**1436 आवेदन प्राप्त हुए, 735 का हुआ मौके पर ही निपटारा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** ग्रामीणों तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ देना ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कही। वे सोमवार को बेड़ो प्रखंड के केशा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि लाभुकों तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा



प्रशस्ति पत्र के साथ छात्राएं।

सके। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के तहत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ इस शिविर में आए ग्रामीण अपनी आवश्यकता के अनुसार ले सकते हैं। उन्होंने सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सुविधा के लिए 25 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। इससे पूर्व मुखिया अंजू कच्छप ने अतिथियों और ग्रामीणों का स्वागत करते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिथियों के हाथों से दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृति आदेश, प्रमाण पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 1436 आवेदन प्राप्त हुए और 735 का निपटारा किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान पंचायत समिति सदस्य शाइस्ता परवीन, पशुपालन पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन, अंचल निरीक्षक भीखम कुमार आदि मौजूद थे।

## विनोद बिहारी चौक में आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विनोद बिहारी स्मारक समिति चतरा टाटीसिलवे के तत्वावधान में सोमवार को विनोद बिहारी चौक में झारखंड पितामह और झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता विनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, विनोद बिहारी के नाती डॉ अंकुर चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, नवीन टोप्पो, अमरनाथ चैधरी आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विनोद बिहारी स्मारक समिति के अध्यक्ष संतोष महतो ने सभी जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक आदि ने विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग की।पूर्व विधायक ने कहा कि विनोद बाबू के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## बेड़ो के मजदूर की त्रिपुर में मौत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो गढ़ाटोली गांव निवासी 30 वर्षीय युवक शनिचरवा उरांव का त्रिपुर स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। वह राजमिस्त्री का काम करता था। वह अपने गांव के राजमिस्त्री साथी शंकर उरांव के साथ 12 दिसंबर को हटिया स्टेशन में केरला में मजदूरी के लिए जा रहा था। वहीं केरला जाने के दौरान बीच रास्ते में शनिचरवा कहीं उतर गया। उसका साथी शंकर उरांव जब केरला के कटुर स्टेशन पहुंचा तो वह शनिचरवा को नहीं पाया। उसने कटुर स्टेशन के जीआरपी थाने में मामला दर्ज कराया। वहीं जीआरपी पुलिस ने दो दिन के बाद बताया कि त्रिपुर स्टेशन के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। खबर पाते ही मृतक शनिचरवा के बड़े भाई सोमनाथ उरांव, उसकी भाभी रूबीन तिग्गा और उनके गांव के ही बुधवा उरांव जो पहले से केरला में ही काम करता है वे लोग त्रिपुर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान शनिचरवा उरांव के रूप में की। इसके बाद उनलोगों ने इसकी खबर स्वजनों को दी। इधर, गांव में चंदा उठाकर ग्रामीणों ने एक एबुलेंस किया। इसके बाद सोमवार को मृतक का शव पैतृक गांव गढ़ाटोली पहुंचा। जहां गांव के मसना में अंतिम संस्कार किया गया। दूसरी ओरस, घटना के बाद से पत्नी गुडिया उरांव, मां, पिता, बेटा निशांत, सुरिया आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के महासचिव बने ओरमांझी के अशोक गुप्ता, शंभु अध्यक्ष

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची जिला रौनियार वैश्य सभा चुनाव सह सम्मेलन मांडर के सोसई आश्रम में संपन्न हुआ। ओरमांझी के अशोक कुमार गुप्ता रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के महासचिव चुने गए। उन्होंने अधिवक्ता अनुप लाल गुप्ता को 155 मतों से हराया। इसके साथ ही अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, प्रचार मंत्री के लिए बेड़ो निवासी राजेंद्र रौनियार निर्विरोध चुने गए। मतदान पदाधिकारी के रूप में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद साहू सह निर्वाचन पदाधिकारी मुरारी लाल गुप्ता, सहायक चुनाव पदाधिकारी सतीश प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, एसएल मनीक, दीपंकर कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू, प्रोफेसर सुनीता गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता एवं मांडर थाना पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ। मौके पर ओरमांझी के रौनियार समाज के उप मुखिया संतोष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, गोविंद लाल गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, तारकेश्वर लाल गुप्ता, सीता राम गुप्ता, रामावतार गुप्ता, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, अमित गुप्ता, शंकर साहू, शिव गुप्ता, बीजू गुप्ता, अनिल गुप्ता, जमुना गुप्ता, छोटू गुप्ता आदि ने सचिव अशोक गुप्ता को जीत की बधाई दी।

## प्रेमचंद इंटर कॉलेज में परीक्षा और लक्ष्य विषय पर सेमिनार का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** जनसेवी संगठन प्रगति परिषद की ओर से प्रेमचंद इंटर कॉलेज में परीक्षा और लक्ष्य विषय पर सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ उमेश यादव ने की। वहीं, सेमिनार का शुभारंभ करते हुए प्रगति परिषद के महासचिव प्रो शैलेंद्र मिश्र ने कहा कि परीक्षा के लिए अब बहुत कम समय बचा है। ऐसे में एक माइक्रो लक्ष्य बनाकर विद्यार्थी विषयवार सही दिशा में पढ़ाई कर बेहतर रिजल्ट कर सकते हैं। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ अभ्यास करने पर जोर देते हुए कहा कि परीक्षार्थी सवालों से डरें नहीं, बल्कि उसका समाधान कर हल खोजें। एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने छात्र- छात्राओं को अच्छे अंक लाने के लिए खुद में परिवर्तन लाने की बात कही। जबकि समाधान संस्था के सचिव व समाजशास्त्री विनोद कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा फोबिया से बाहर निकल कर योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने पर बल दिया। विकास मार्ग के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने छात्र- छात्राओं को अपने दिनचर्या और खान-पान को ठीक करने की बात कही। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य रहने के लिए जंक फूड से बचने की सलाह देते हुए पढ़ाई के साथ ही प्राणायाम और व्यायाम को अपने रूटीन में शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम में कॉलेज के व्याख्याता डॉ प्रभा रानी, अफसाना खातून, सुधा तिवारी, हरिमणि सुवेदी, सीमा मिंज, अंजु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## ककरिया व हुलसु पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** हुलसु व ककरिया पंचायत सचिवालय में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिव्ययाण कृषि विज्ञान केंद्र राम कृष्ण मिशन से आये पदाधिकारी मुखिया बिरसमनी देवी, पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज व कृषि पदाधिकारी ने किया। हुलसु में मुखिया मनबहाल मनोज होरो, उप मुखिया अरबिंद दिव्यांन रामकृष्ण मिशन से आये पादाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता हीरो ने दीपप्रज्ववलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के पदाधिकारी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी से जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। वहीं, पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दी। आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर नलजल योजना, हर घर शौचालय, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को डिजिटल चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। इस मौके पर कंबल व गैस सिलिंडर व चूल्हा का वितरण किया गया। ग्रामीणों को बड़े स्क्रीन पर केंद्र सरकार के किए गए कार्यों को दिखाया गया। मौके पर उप मुखिया सिलीमा देवी, समाजसेवी शिवकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# पलामू प्रमंडल में दूरसंचार का होगा सुधार: महाप्रबंधक



झारखंड चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद ने महाप्रबंधक से मिलकर रखी बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, रिंकू दुबे, अनवर हुसैन, राकेश सोनी एवं सदस्यों ने झारखंड चेंबर के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद के नेतृत्व में महाप्रबंधक से मिलकर शहर में दूरसंचार व्यवस्था की लचर व्यवस्था पर चर्चा की। सदस्यों ने अपनी ओर से सेवाओं को सुदृढ़ करने केसुझाव दिये। वहीं, समस्या सुनने के बाद मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि अगले वर्ष 2024 की शुरूआत में बीएसएनएल की 4जी सेवा एक नये रुप में मिलेगी। सुधार की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा जाएगा। जुलाई 2024 तक पूरे झारखंड प्रमंडल में 4जी सेवा को चालू कर दिया जायेगा। बीएसएनएल डालटनगंज की सर्विस को दुरुस्त करने के लिये आप्टीकल फाईवर के नेटवर्क को और विस्तार किया जा रहा है। बैठक में उमेश प्रसाद साह महाप्रबंधक रांची व्यापार क्षेत्र ने बीएसएनएल, ऐप और चैट जीटीपी नंबर 18004444 फार एएसएस आइसएटीएनसई आफ एफटीटीएच सर्विस सभी को अवगत कराया जिससे नई सर्विस को चालू करने और शिकायत दर्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर झारखंड के मुख्य महा प्रबंधक संजय कुमार, महा प्रबंधक उमेश प्रसाद साव, जीएमईटीआर, मनोज भोक्ता, अखिलेश कुमार झा मुख्य अभियंता शिविल, उपमहाप्रबंधक डाल्टनगंज राम कृपाल सिंह, सहायक प्रबंधक डाल्टनगंज कमलेश कुमार और सुनील कुमार मौजूद थे।

## गृह विज्ञान है एक व्यावहारिक विज्ञान : सतेंद्र



नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गृह विज्ञान में दिखाई प्रतिभा, 2023 को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सोमवार को वार्षिक परीक्षा के दौरान गृह विज्ञान परीक्षा मे तरह-तरह के पकवान एवं हस्तकला बनाकर शिक्षकों के सामने प्रस्तुत किया। लगे हाथ शिक्षकों के साथ स्कूली बच्चों ने नए साल आने से पहले एक साथ पिकनिक मनाया और 2023 को विदाई दी। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सतेन्द्र मेहता ने कहा कि गृह विज्ञान एक व्यावहारिक विज्ञान है, जो अपने अध्ययनकर्ताओं को सफल पारिवारिक जीवन व्यतीत करने, समाजिक व आर्थिक समस्याओं को हल करने और सुखमय जीवन यापन करने की दशाओं का ज्ञान कराता है। मौके पर नेशनल आइटीआइ के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन, प्रिंसिपल रवि रंजन वर्मा, शिक्षक विनोद कुमार, सुरेश कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, कुंदन कुमार सिंह, शिक्षिका रामी, सोनी, शिल्पी, सुनीता, संध्या, सपना कुमारी, सपना मैम के अलावे स्कूली बच्चों में आर्यन, आदित्य, नीतीश, दिव्यांशु, परवल, कौशल, पीयूष, अंशु, सोनू कुमार, तृप्ति, मुनि, रीना कुमारी, अनमोल, भीम, आदर्श, राहुल, अभिषेक कुमार, चंचल, साक्षी, प्रीति, प्रिया, रागिनी आदि ने भाग लिया।

## अब्बास अंसारी बने इसलाहुल मुस्लेमीन कमेटी के अध्यक्ष, सचिव जुबैर अंसारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला धरहरा मदरसा में सोमवार को मुस्लिम समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता अजीमुद्दीन अंसारी ने की। बैठक में आज के परिवेश में मुस्लिम समाज में फैल रही कुरीतियों से लोगों को बचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना ही किसी भी समाज में बुराईयां फैलती है। इसलिए आज के परिवेश में मुस्लिम समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। इस दौरान इसलाहुल मुस्लेमीन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अब्बास अंसारी को अध्यक्ष, शिक्षक जुबैर अंसारी को सचिव, शमशेर आलम व मो. अली को उपाध्यक्ष,सुल्तान अंसारी को उपसचिव , अब्दुल कुदुस अंसारी व इजहार अंसारी को संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर असलम अंसारी, यासीन अंसारी, सगीर अंसारी, बसरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## कर्नल कप के आखिरी लीग मुकाबले में काजीनगर ने पतरा कला को हराया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग चरण के आखिरी दिन सोमवार को दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन कामयाबी काजीनगर टीम को मिली। काजीनगर ने बड़ी आसानी से 3-0 से मैच अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह व सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संयम के साथ खेलने का अनुरोध किया। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डी सिंह, निर्णायक धीरेंद्र कुमार बैठा, एसएम अकरम, जय कुश सिंह, बनारसी मेहता आदि मौजूद थे। मंगलवार से क्वार्टर फाइनल का नाकआउट मुकाबला बैरांव बनाम लपेया के बीच अपराह्न 2 बजे से खेला जाएगा।

## तरहसी पहुंचे डीसी ने लिया सुपर जांच कार्यक्रम का जायजा

# समन्वय बनाकर काम करें अधिकारी: डीसी

नवगढ़ पंचायत में लगाये गये शिविर में लिया भाग छात्रों के बीच साइकिल खरीदने के लिए सौंपा चेक

आजाद सिपाही संवाददाता



साइकिल खरीद के लिए विद्यार्थियों के बीच चेक वितरित करते पलामू डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र-75 पहुंचे। इस दौरान डीसी ने तरहसी प्रखंड के गुरहा, गोइंदी एवं टरिया महरी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद इन मतदान केंद्रों में प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधि प्रपत्रों का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर से निष्पादित किये गए प्रपत्रों की सुपर जांच की। उन्होंने उक्त मतदान केंद्रों पर विलोपन प्रविष्टियो की जांच के लिए संबंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का भी कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच की एवं उपस्थित सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अधिकारियों से आपस में समन्वय बनाकर जनहित में काम करने को कहा।

### नवगढ़ में साइकल खरीदने के लिए चेक का वितरण

डीसी तरहसी के नवगढ़ पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में भी शामिल हुए। स्टॉल का जायजा लिया। इसके बाद छात्रों के बीच डीबीटी के माध्यम से साइकल खरीदने के लिए चेक का भी वितरण किया। लोगों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्टॉल पर संपर्क करने की अपील की।

## गुरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की बैठक, ज्ञान महायज्ञ का निर्णय

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें जनवरी 2024 में ज्ञान यज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित ज्ञान यज्ञ रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होगा। जिसकी शुरूआत छह जनवरी से होगा। बैठक में उपस्थित युवा समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्याशी विकास दुबे ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध हो जाता है। लोगों की धर्म में आस्था बढ़ती है। उन्होंने हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बैठक में शिवराज मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, शिवकुमार मिश्र, श्रीकांत मिश्रा, मुखराम तिवारी आदि मौजूद थे।

## कमलेश सिंह ने विधानसभा में उठाया वज्रपात पीड़ित के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिया एक माह के अंदर राशि आवंटन का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को वज्रपात से मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि भुगतान से संबंधित प्रश्न उठाया। कहा कि वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों की मुआवजा राशि वर्ष 2023-24 में 28 लाख 36 हजार रुपये पलामू जिले को उपलब्ध कराया गया था, जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है। उन्होंने पूछा कि क्या यह सही बात है कि पलामू जिले में वर्णित आवंटित राशि के व्यय के बाद वज्रपात में मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 रुपये की राशि के आवंटन के संदर्भ में पलामू डीसी ने 29 सितंबर को पत्रांक-186 द्वारा सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पत्राचार किया है। पर आठ दिसंबर तक आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने जानना चाहा कि यदि सरकार मुआवजा राशि भुगतान करने की मंशा रखती है, तो कब तक देगी। इस पर उत्तर देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पलामू जिला में वज्रपात से मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के मुआवजा से संबंधित याचित राशि का आवंटन राज्य कार्यकारिणी समिति के निर्णय के बाद कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक महीने के अंदर पलामू जिले को राशि मुहैया करा दी जाएगी।

## चपरवार में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिखी उदासीनता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत चपरवार में सोमवार को दूसरे राउंड का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें ग्रामीणों की उपस्थिति सामान्य रही। हालांकि सभी विभाग के अधिकारी अपने-अपने स्टाल लगाकर शिविर में बैठे थे। वहीं पहले राउंड की अपेक्षा कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति सामान्य रहने के कारण उदासीनता देखी गई। इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और जेएसएलपीएस विभाग द्वारा पहुंचे कुछ ग्रामीणों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास परियोजना के तहत पंचायत की मुखिया मीणा देवी और उप प्रमुख ममता देवी द्वारा एक महिला को गोदभराई की रस्म पूरी की और एक बच्चे को अन्नप्राशन कराया गया। जबकि जेएसएलपीएस के तहत बीआरपी मुरारी प्रजापति द्वारा आजिविका सखी मंडल के महिलाओं को मुर्गी एवं बकरी पालन के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर एमओ सर्जुन राम, किरानी संतोष कुमार, प्रवेक्षिका सुमित्रा देवी, पंस मुख्तार आलम, सुरेश मोची, मुखिया पति राजेन्द्र यादव, डॉ ओमप्रकाश प्रसाद, जेइ दीपक कुमार, नाजिर रंजीत कुमार सिंह, एएनएम अनीता कुमारी, राजेश कुमार, सुमित कुमार, सोनू कुमार, सेविका हीरामणि देवी, श्यामपति देवी, अंचला देवी, कविता देवी, सुनैना देवी आदि थीं।

## स्पोर्ट्स



आइपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत मार्च के आखिरी सप्ताह में हो सकती है। इसका फाइनल मई महीने के अंत में होगा। बीसीसीआइ ने आइपीएल-2024 के लिए ऑफिसियल विंडी 22 मार्च से मई के अंतक तक तय कर दी है।

### 22 मार्च से मई अंत तक की विंडो तय, रेहान अहमद ने लिया नाम वापस

# मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू हो सकता है आइपीएल-2024

एजेंसी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें सीजन की शुरुआत मार्च के आखिरी सप्ताह में हो सकती है। इसका फाइनल मई अंत में होगा। बीसीसीआइ ने आइपीएल-2024 के लिए ऑफिसियल विंडी 22 मार्च से मई अंत तक तय की गई है। मंगलवार को दुबई में होने जा रहे मिनी ऑक्शन से पहले लीग की फ्रेंचाइजी को यह जानकारी दी गई है। हालांकि, इस सीजन के आयोजन की फाइनल डेट जरनल इलेक्शन की मीटिंग में तय होगी। इसे आम चुनावों के हिसाब से तय किया जाएगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पूरे सीजन के लिए मौजूद रहेंगे, जबकि इंग्लैंड, आयरलैंड, श्रीलंका और बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मई के पहले सप्ताह तक आइपीएल का हिस्सा होंगे। शेष ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी सीजन भर के लिए भारतीय लीग में हिस्सा लेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बीसीसीआइ को बताया है कि हेजलवुड और शेफील्ड शील्ड के फाइनल में खेलने वालों को छोड़कर उसके सभी खिलाड़ी पूरी तरह से उपलब्ध रहेंगे। सभी खिलाड़ी चोटिल होने तक उपलब्ध रहेंगे।

### रेहान अहमद नीलामी से हटे, कुछ खिलाड़ी और हट सकते हैं

रेहान अहमद नीलामी से हट गए हैं। इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय बोर्ड को सूचना दी है कि उसके खिलाड़ी लीग में तब तक भाग ले सकते हैं, जब तक कि वे अनफिट न हों या उनकी इंटरनेशनल ड्यूटी न हो। इंग्लिश प्लेयर्स की उपलब्धता टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड के इंटरनेशनल शेड्यूल पर निर्भर करेगी। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को मई में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलनी है। हालांकि, अभी तक इंग्लिश टीम का इंटरनेशनल शेड्यूल फाइनल नहीं हुआ है। दूसरी ओर, भारतीय लीग में बांग्लादेश और आयरलैंड के कुछ खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे। लीग के लिए मुस्तफिजुर रहमान और जोश लिटिल को स्पेशल अनुमति दी गई है, जबकि आयरलैंड के तेज गेंदबाज को लीग में पूरी तरह से भाग लेने की अनुमति दी गई है। बीसीबी ने कहा है कि रहमान 22 मार्च से 11 मई तक लीग में भाग ले सकते हैं। बीसीबी ने बीसीसीआइ को बताया कि 'तस्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम के नाम नीलामी में शामिल हैं, लेकिन ये दोनों आइपीएल-2024 के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बांग्लादेश के केवल तीन खिलाड़ियों (रहमान सहित) को बांग्लादेश से नीलामी रजिस्टर में शामिल किया गया था। बतातें चलें कि बांग्लादेश को 30 मार्च से 3 अप्रैल तक श्रीलंका के खिलाफ दूसरा (आखिरी) टेस्ट खेलना है, जिससे कुछ श्रीलंकाई खिलाड़ियों की उपलब्धता पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, महिश तीक्षणा, वानिंदू हसरंगा, मथीश पथिराना और दुष्मंथा चमीरा उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि वे टेस्ट में भाग नहीं लेते हैं।

### नील सिन्हा बना पूल चैंपियन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहा है। उक्त प्रतियोगिता में सोमवार को टीपू, तन्मय राय, आयुष राज, रिंग, एजाज, रोहन थापा, अंकित तिग्गा, चाहत, डॉ स्नेहांशु , संजीत, रिंग, बिट्टू, चाहत, शशांक, प्रतीक लाल और कशिश ने अपने-अपने मैच जीते।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक में फर्जी माइक्रो फाइनेंस को चिह्नित कर कार्रवाई करने पर सहमति



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक जीसी कार्यालय वेश्म में हुई। जिसमें पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने छतरपुर में एक हिंदी दैनिक में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए अवैध रूप से जो भी माइक्रो फाइनेंस कंपनी गरीबों को लोभ के लिए, लोन देकर कम ब्याज पर और फिर झांसे में लेने के बाद ऊंची ब्याज दर पर गरीबों से उगाही करने और जबरन घर में उनके कर्मी जाकर मारपीट व गली गलौज करते हुए गरीब महिलाओं को घर से उठा ले जाने के मामले पर कार्रवाई करने के मामले को बैठक में उठाया गया। यह भी मांग की गई कि वैसे माइक्रो फाइनेंस कंपनी चिन्हित करें जो आरबीआई के गाइडलाइन के बिना, एवं अवैध रूप से कंपनी ऑपरेट करने वालों जैसे ग्रामीण कोटा, सगुनिया, आरबीएल, भाया, फिजन, बीएसएस, कैस पर, सिंदुरिया जैसे कंपनियों में जिसका भी लाइसेंस आरबीआई से नहीं है उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को लेकर बैठक में प्रोसिडिंग लाया गया, ताकि इन कंपनियों से गरीबों को शिकार होने से बचाया जा सके। साथ ही निर्देश दिया गया कि भारत सरकार के कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत जितने भी लोग पंचायत में आवेदन दे रहे हैं वैसे आवेदन पर तत्काल बैंक कार्य करें। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना युवा वर्ग के लिए पीएमईजीपी प्रधान मंत्री शिक्षित सृजन रोजगार लोन, मुद्रा लोन, केसीसी लोन पर विशेष ध्यान दे व इसका लाभ लोगों को मिले यह भी निर्देश दिया।

## सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज के जूनियर ने सीनियर विद्यार्थियों को दी विदाई





**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज में सोमवार को फेयरवेल समारोह आयोजत कर जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बीएससी एमएलटी बैच के छात्र-छात्रा शामिल हुए। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर कुलपति डॉ कल्याण कुमार, प्राचार्य कौशल किशोर नागर, प्रो रेखा कुमारी, खुशबू सिंह, ज्योति जांगड़े, सरोज, आरमो, नेहा खेस, राहुल तिवारी, नम्रता प्रिति बेक, अर्पणा मिंज, सरस्वती भगत, अंकिता चौहान, अनुपमा भगत, सपना श्रीवास, वीरेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर में आये 830 आवेदन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत मुख्यालय में सोमवार को शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, बीडीओ विक्रम आनंद, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रौशीला देवी, प्रमुख रंभा कुमार व उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई योजनाओं सहित कुल 830 आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना का था। शिविर में गुरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए चेक भी प्रदान किया गया। लगे हाथ जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लाभुकों से शिविर में पहुंच कर सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। कहा कि सरकार लोगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए उनके द्वार तक पहुंच रही है। इस मौके पर बीपीआरओ मुकेश कुमार, मुखिया पति घुरा बैठा, पूर्व पंसस गुड्डू पांडेय, ललित पांडेय, संजय दुबे, देवेंद्र सिंह और सुरेंद्र पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## झारखंड को लेकर देखा गया बिनोद बाबू का सपना आज भी अधूरा : उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पुरोधा स्व विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर सोमवार को रामडीह मोड़, बिजुलिया मोड़ और बगुला मोड़ स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर आजसू ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस असर पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा विनोद बाबू साधारण कद काठी के जरूर थे, लेकिन गरीब, पीड़ित, मजदूर, किसान और झारखंड के प्रति उनका दृढ़ संकल्प बताता है कि वे अलौकिक शक्ति से युक्त थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि बिनोद बाबू का सपना पूरा होते दिख नहीं रहा है। लोग राजनीति में सिर्फ पैठ बनाने के लिए उनके नाम का सहारा लेते हैं। आजसू ही ऐसा राजनीति दल है, जिसे जब भी सरकार में काम करने अवसर मिला, विनोद बाबू के सपने को साकार करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा। आजसू ने सिर्फ बिनोद बाबू का आदमकद प्रतिमा का श्रृंखला ही नहीं बनाया, बल्कि राज्य में सड़क, पुल पुलिया का जाल तो बिछाया ही। नीति गत कई ऐसे फैसले लिए जिससे लोग लाभावितं हो रहे हैं। जिसमें बंद पंचायत चुनाव को मात्र चालू ही नहीं किया, बल्कि उसमें महिलाओं को 50 फीसदी की हिस्सेदारी भी सुनिश्चित कर दिया। उन्होंने कहा कि बिनोद बाबू ने झारखंड भी बनाया और झारखंड में जन अधिकार के लिए लोगों में चेतना भी जगाया है। उनका पढ़ो और लिखों का नारे के रूप में हमेशा उनकी उपस्थिति का अहसास कराते रहेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो अनिल कुमार झा अश्विनी महतो आदि मौजूद थे।

## कतरास में बंदूक का भय दिखा कर दो लाख की

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास थाना क्षेत्र के लेडीडुमर पुल के पास सोमवार को बाइक सवार होकर पहुंचे तीन अपराधियों ने अंडा व्यापारी के कर्मचारी को बंदूक का भय दिखाकर उससे करीद दो लाख रुपये लूट लिये। पीड़ित रुस्तम अली कुरैशी ने बताया कि वह बीरबल मंडल अंडा व्यापारी के पास काम करता है। बाघमारा से तगादा करके वापस लौट रहे थे। तभी लेडी डूमर के पास ओवरटेक कर तीन बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने उनकी बाइक को रोका और सिर पर बंदूक सटाकर रुपए से भरा बैग छीन लिया। विरोध करने पर मारपीट भी की और बाइक की चाभी भी छीन लिया। घटना शाम 6.10 बजे की बताई जा रही है। इसकी सूचना कतरास पुलिस को दी गई, लेकिन लिखित सूचना अभी नहीं दी गयी है। उधर, सूचना पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू कर दिया है। फिलहाल पुलिस को किसी तरह का सुराग नहीं मिला।

## भाकपा-माले ने मनायी विनोद मिश्र की पुण्यतिथि

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के पूर्व महासचिव विनोद मिश्र की 25वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को जुनकुदर में संकल्प दिवस मनाया गया। इससे पूर्व पहले झंडोत्तोलन कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी के केंद्रीय कमेटी के संकल्प घोषणापत्र का पाठ्य किया गया। माले नेता नागेंद्र कुमार ने कहा कि विनोद मिश्र की 25वीं स्मृति दिवस पर महान शहीदों और दिवंगत नेताओ के क्रांतिकारी मिशन के प्रति खुद को पुनः समर्पित करते हुए वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विनोद मिश्र की क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना है। कॉमरेड वीएम ने 1970 के दशक के आरंभ में भारी दमन और धक्के के बाद पार्टी के पुनर्गठन का नेतृत्व किया था। मौके पर मनोरंजन मल्लिक, लक्ष्मीनारायण दास, जितेंद्र शर्मा, सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, जमाल अंसारी, रूदल पासवान आदि थे।

## नहर में डूबे व्यक्ति का 20 घंटे बाद मिला शव



**पिछरी/बेरमो।** पिछरी दक्षिणी पंचायत के करनडीह के समीप तेनु बोकारो नहर में डूबे व्यक्ति का शव बीस घंटे बाद सोमवार को बरामद हुआ। उसकी पहचान पिछरी निवासी जीवन महतो उर्फ खाड़ू महतो के रूप में हुई है। बतातें चलें कि रविवार की दोपहर खाडु महतो तेनुघाट बोकारो नहर में नहाने के दौरान नहर मे डूब गया था। स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सोमवार को पुनः नहर में उक्त स्थल एवं पानी की बहाव की ओर खोजबीन की गई तो दोपहर में करनडीह पिछरी (तोताडीह नोडेकोचा) नहर से पास से शव बरामद हुआ। उधर, सूचना पाते ही पेटरवार थाने के एसआई जुबल सिंह बोपाई दलबस के साथ पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए परिजनों के साथ तेनुघाट भिजवा दिया। उधर, नहर में व्यक्ति के डूबने की खबर पाकर पाकर जिप सदस्य अशोक मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधी दिलीप दिगार व झामुमो के मीडिया प्रभारी बिक्की महतो ने बांध प्रमंडल तेनुघाट से वार्ता कर नहर सुखवाया। अशोक मुर्मू प्रशासनिक वार्ताकर मुआवजे की बात की। वहीं, शव पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अस्पताल प्रबंधन से गोमीया के पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने बात करवाकर परिजनों को सौंपा गया।। मृतक जीवन महतो अपने पीछे पत्नी, 4 पुत्र, पांच नाती-पोता छोड़ गये हैं।

## साफ-सफाई कर मुखिया ने दिया स्वच्छता का संदेश



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल डी पंचायत की मुखिया चंदना मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र की महिलाओं के साथ मिलकर स्वच्छता का संदेश देते हुए सर्वप्रथम डीवीसी बोकारो थर्मल के विवेकानंद क्रीडांगन में स्वच्छता आभियान चलाया गया। यहां ग्राउंड के अंदर जगह-जगह पड़े प्लास्टिक की थैलियां, ग्लास सहित टूटे शीशे आदि की सफाई की। बताते चलें कि स्वामी विवेकानंद क्रीडांगन बोकारो थर्मल की हृदयस्थली है। इस मैदान में सुबह-शाम महिलाएं एवं पुरुष भ्रमण को आते हैं। जबकि स्कूली बच्चे काफी संख्या में स्पोर्ट्स की तैयारी करते हैं। मुखिया चंदना मिश्रा ने कहा कि हमने डी पंचायत को स्वच्छ रखने की बीड़ा उठाई है। इस स्वच्छता अभियान में सुधा देवी, संगीता देवी, अंजना देवी, रिंकू लाल, सावित्री देवी, गीता देवी, राजू पंडित, राजेश दुबे, मुन्ना चौबे, धर्मेंद्र कुमार, महेश कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# 32वीं पुण्यतिथि पर कोयलांचल में जगह-जगह याद किये गये बिनोद बिहारी महतो

## बिनोद बाबू आजीवन लाल-हरा मैत्री के अगुवा रहे: पवन महतो

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/महुदा/लोयाबाद।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक पूर्व सांसद स्व विनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को बलियापुर स्थित उनके समाधि स्थल पर सैकड़ो लोगों ने पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों द्वारा अलग-अलग रैली निकाली गयी। श्रद्धांजलि की शुरूआत विनोद बाबू की समाधि स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना से की गई। इसके बाद स्व विनोद बिहारी के पोता अधिवक्ता राहुल कुमार महतो ने समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, मेला कमेटी के सचिव परिमल कुमार महतो, कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार, रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, मासस के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो, मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी, मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो, विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, बिआईटी सिंदरी के प्रो डॉ जितेंद्र कुमार महतो आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।









### शिक्षित होकर अधिकार के लिए लड़ें, तभी बेहतर समाज की कर सकते हैं कल्पना : जलेश्वर

**महुदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व सांसद स्व विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि सोमवार को महुदा मोड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि व समाजसेवीयों ने विनोद बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस असर पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि जिस झारखंड में हम सभी विचरण कर रहे हैं, वह बिनोद बाबू के संघर्षों का प्रतिफल है। बिनोद बाबू के आदर्श को आत्मसात करने जरूरत है। साथ ही युवाओं को पढ़ो और लड़ो, के नारो को हमेशा याद रखने का बात कहा। उन्होंने युवाओं से कहा कि आज समाज की स्थित बद्तर हैं। शिक्षित होकर अधिकार के लिये लड़ना होगा। तभी हम बेहतर समाज की कल्पना कर सकते हैं। इस दौरान विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति की ओर से कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। इधर, क्षेत्र के रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय प्रवंधन द्वारा विद्यालय परिसर में स्व बिनोद बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभी छात्र-छात्राओं की ओर से महुदा मोड़ स्थित स्मारक स्थल तक विशाल रैली निकाली गयी। कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया रिंकू देवी, कुड़मी विकास मोर्चा के अध्यक्ष शीतल औहदार, रामपद महतो, बीस सुत्री समिति के लगनदेव यादव, कुलदीप ठाकुर, विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, गंगाधर महतो, मो अख्तर शैख, सांसद प्रतिनिधी नरेश महतो, कांगेस के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, समद अंसारी आदि मौजूद थे।

वहीं, मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा पर सोमवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि बिनोद बाबू शोषितों-पीड़ितों के आवाज थे। उन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में जोरदार संघर्ष किया। आज राज्य मिला, लेकिन सही मायने में झारखंडियों को राज नहीं मिला हैं। विनोद बाबू ने युवाओं को जागरूक और संघर्षील बनाकर हर आंदोलन को दिशा देने का रास्ता दिखाया। बिनोद बाबू लाल हरा-मैत्री के अगुवा रहे। दोनों झंडों के नेतृत्व में माफिया मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। मौके पर मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, सृष्टि महतो, दीपक महतो, औरधेन्दु दत्ता, किशोर महतो, शंकर महतो आदि थे।

### बिनोद बाबू के रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि

बाघमारा प्रखंड के वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान के आवासीय कार्यालय में सोमवार को झारखंड के पुरोधा विनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावविनी श्रद्धांजलि दी। इस असर पर वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने कहा कि विनोद बाबू एक महान नेता थे। वे झामुमो के संस्थापक के साथ ही विधायक और सासंद भी रहे। उन्हें झारखंड आंदोलन का पितामह भी कहा जाता है। उन्होंने समाज को शिक्षित बनने की सलाह दी। पढ़ो और लड़ो उनका नारा दिया था। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, झामुमो कतरास नगर संगठन सचिव अरविंद कुमार चौहान, कतरास नगर उपाध्यक्ष सुनील पासवान, पप्पू सहाय, सत्येंद्र चौहान, गुड्डू अंसारी, गणेश यादव, दीपक श्रीवस्ताव, जुगनू अंसारी, शज्जादा अंसारी, सुभाष चौहान और देव कुमार चौहान आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम क्षेत्रों में सफल हो रहा : बीडीओ

# सरकारी लाभ पाने के लिए आवेदन जमा करें ग्रामीण

### इमानदारी से विकास संबंधी कार्यों का निष्पादन करें कर्मचारी : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड के जैना पंचायत भवन में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ जयपाल महतो, सीओ प्रणव रितुराज, प्रखंड प्रमुख देवनारायण भगत, जरीडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, मुखिया आनंद प्रसाद महतो, पंसस सुमित्रा कुमारी, तेजस्विनी प्रखंड को ऑर्डिनेटर विजय ठाकुर, जीपीएस मोहन लाल ठाकुर, जरीडीह प्रखंड बीइओ कामेश्वर प्रसाद महतो, जैनामोड़ विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता जगदेव प्रसाद महतो, जैनामोड़ अस्पताल प्रभारी जीतेंद्र सिंह, विधायक के निजी सचिव विनोद कुमार महतो, राजेश सिंह, 20 सूत्री जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष महादेव रवानी, आयुष माथुर, उपमुखिया कुमारी सोनी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विनोद महतो ने कहा कि सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिलाने के लिए ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लाभुक अपनी -अपनी जरूरत के अनुसार आवेदन जमा करें। जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि आम जनता अपनी - अपनी समस्या को लेकर प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय पर नहीं जा सकते हैं। उनकी समस्याओं की शीघ्र ही समाधान के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं, सीओ ऋतुराज ने कहा कि स्कूली बच्चों को जाती प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, इसका सरलीकरण के तहत बच्चों को जाती प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में गुड़िया देवी, गीता देवी, जयंत प्रकाश, अरूण कुमार महतो, वैजनाथ रजवार, निर्मला देवी, गौतम मिश्रा, अंजू देवी, प्रेम कुमार सिंह, पूजा देवी, नेहा मिश्रा सहित सभी विभाग के अधिकारी -पदाधिकारी उपस्थित थे।





कार्यक्रम में उपस्थित विधायक ने नीजि सचिव, बीडीओ, सीओ व अन्य।

## गाय चुराने को लेकर मचा हंगामा

**लोयाबाद।** गाय चुराने की बात को लेकर सोमवार को लोयाबाद थाना क्षेत्र मे हंगामा हो गया। गाय चुराने की कोशिश करने वाले कथित दो आरोपियो को कनकनी हनुमान बाजार के लोगो ने पकड़कर लोयाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये दोनों युवक भी लोयाबाद के रहने वाले बताए जा रहे है। हालांकि दोनों पक्षों ने आपस मे समझौता कर लिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया।


हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/34 / 2023-24, Group No. 02, Repair of B.T. Road around Gandhi Maidan West to East in Ward No. -12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag जो PR No. 312432 द्वारा प्रकाशित हैं, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 313677 Urban Development and Housing(23-24).D

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla

E-procurement Tender Notice
NIT No.- GML/NP/01/2023-24 (Urban Transportation & Civic Amenities)

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Brick Drain, Construction of Slab and laying of paver block work from Main road to DSP road at ward no 20 and 21 Under Nagar Parishad, Gumla (Civic Amenities) | 1934290.00 | 38700.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 2 | Repairing of road, PCC work from Main road to DSP road at ward no 20 and 21 under Nagar Parishad, Gumla (Urban Tranportation) | 2040608.00 | 40900.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | | 3974898.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 27.12.2023 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 27.12.2023 (at 11:00 AM) to 06.01.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 08.01.2024 (at 01:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :– (1) केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा की शर्त्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 313691 District (23-24)_D


### झरिया विधायक ने विस में उठाया धनबाद में एक ही ट्रैफिक थाने का मुद्दा

# झरिया में भी बने ट्रैफिक थाना: पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में धनबाद जिले में महज एक ही यातायात थाना होने का मुद्दा उठाते हुए झरिया में भी ट्रैफिक थाने की स्थापना करने की मांग की। विधायक ने सवाल किया कि क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला अंतर्गत कुल 56 थाना और ओपी पर एकमात्र ट्रैफिक थाना कार्यरत है। जिस पर सरकार की ओर से स्वीकारात्मक जवाब दिया गया। विधायक ने पूछा कि क्या बात सही है कि धनबाद में बीसीसीएल, ईसीएल, टिस्को, टाटा, हर्ल, एसीसी, एमपीएल मैथन जैसी बड़ी औद्योगिक कंपनियां हैं। झरिया, धनबाद, बाघमारा और निरसा में माइनिंग क्षेत्र में 24 घंटों भारी वाहनों का परिचालन होता है। इस पर सरकार की ओर से स्वीकारात्मक जवाब दिया गया। इसके अलावे विधायक की ओर से सरकार से सवाल किया गया कि माइनिंग क्षेत्र, जनसंख्या घनत्व की अधिकता, वाहनों का अत्यधिक दबाव के कारण पूरे जिले की यातायात व्यवस्था एक ही थाने के भरोसे है। इस कारण सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने में धनबाद यातायात पुलिस को भारी परेशानी करनी पड़ती है। इस पर सरकार की ओर से आंशिक स्वीकारात्मक जवाब दिया गया। वहीं सरकार की ओर झरिया में ट्रैफिक थाना खोले जाने के सवाल पर कहा गया कि अगर पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रस्ताव आता है तो समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(खेल शाखा)
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 350 दिनांक– 15.12.2023

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक 548 दिनांक 29.09.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता, 2023–24 का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत जिला से सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय दिनांक 01 से 18 नवम्बर, 2023 तक एवं सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 नवम्बर, 2023 से 30 दिसम्बर, 2023 तक किया जाना निर्धारित है। निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 994 दिनांक 04.11.2023 के आलोक में गत् वर्ष की भाँति जिला में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या के अनुरूप इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता, 2023 में जिलान्तर्गत पंचायत स्तर के सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी–सेट, फुटबॉल शूज, मौजे, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराया जाना है। जर्सी–सेट एवं फुटबॉल किट विभागीय संकल्प सं0– 04 दिनांक 12.11.2021 की कंडिका– 11 में SAHAY योजना हेतु निर्धारित अधिसीमा के अधीन होगी। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तित्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता दिनांक 26.12.2023 को अपराह्न 12:30 बजे तक कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जमा करेंगे। निविदादाता द्वारा तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे को एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। सीलबन्द निविदा के तकनीकी बीड को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 26.12.2023 को अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, हजारीबाग के समक्ष निविदा निष्पादन समिति द्वारा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात किसी भी निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा समर्पित करने से संबंधित विस्तृत शर्त्त एवं दिशा–निर्देश हजारीबाग जिला के बेवसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 313666 Art Culture Sports and Youth Affairs (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### कोरोना: अलर्ट हुई सरकार, राज्यों को एडवाइजरी जारी

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले अचानक बढ़ने लगे हैं। देश में पहला जेएन.1 वैरिएंट डिटेक्ट हो चुका है। इसको लेकर केंद्र सरकार अलर्ट हो चुकी है। केंद्र ने विभिन्न राज्यों के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी है। पिछले 24 घंटों में देश के अंदर कुल 335 नये मामले सामने आये हैं। इसके अलावा कोरोना से यूपी और केरल में पांच लोगों की मौत भी हुई है।

# डायरिया से नौ लोगों की मौत

## निदेशक ने कहा: पानी में क्लोरीन की कमी है, जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया चल रही है

- 20 से अधिक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राउरकेला में डायरिया ने आतंक मचा रखा है। डायरिया से आज दो और लोगों की मौत हो गयी। इसे मिलाकर डायरिया से मरने वालों की संख्या 9 पहुंच गयी है। अब जिले के सरकारी अस्पताल समेत विभिन्न निजी अस्पताल संक्रमित लोगों भर्ती हो रहि हैं। सरकारी अस्पतालों में 100 से अधिक का ही इलाज चल रहा है। हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते देख जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग दोनों ही संक्रमण को रोकने के लिए जुटे हैं। राउरकेला महानगर निगम की ओर से 12 स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम बस्तियों और कॉलोनियों में जाकर जागरूकता पैदा कर रही है, दवाएं वितरित कर रही है और स्वास्थ्य जांच कर रही है। आवश्यकता पड़ने पर संक्रमित मरीजों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की जा रही है। पानपोस उपजिलापाल विजय नायक के नेतृत्व वाली टीम को शहर की विभिन्न बस्तियों और कॉलोनियों से पाइप के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले पानी के नमूने एकत्र करने और उन्हें परीक्षण के लिए भेजने का आदेश दिया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ धरणी रंजन शतपथी ने कहा, 'यह स्पष्ट नहीं है कि यह भोजन से फैलता है या पानी से।' सभी मरीजों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया है। सभी निजी अस्पतालों को बेड बढ़ाने का आदेश दिया गया है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की आवश्यक संख्या भी बढ़ा दी गयी है।

# पुरी जगमोहन के अंदर के कमजोर बीम बदले जायेंगे, 23 को बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी जगमोहन मंदिर और नाट मंडप का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, लेकिन जगमोहन में जो बीम लगाने की योजना है, उस पर अंतिम निर्णय तकनीकी कमेटी लेगी। रविवार को एमिकस क्यूरी ने मरम्मत कार्य की प्रगति का विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जगमोहन के अंदर कमजोर बीम बदले जायेंगे। उसके लिये 19 से 23 तारीख के बीच बैठक होगी। जहां तकनीकी समिति तय करेगी कि जगमोहन में किस धातु की बीम का प्रयोग किया जायेगा। उसे पकड़ने वाले प्लग या क्लैंप का डिजाइन क्या होगा। एक बार यह तय हो जाए तो टेंडर बुलाए जायेंगे। हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अगले महीने की 18 तारीख रविवार को तय की है। कटक के एक सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक दास ने श्रीमंदिर जगमोहन, नाट मंडप और रत्न भंडार की मरम्मत की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

# आइआइटी भुवनेश्वर भारतीय ज्ञान प्रणाली के तहत कोणार्क सूर्य मंदिर के लौह बीम पर अनुसंधान करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर अपने अभूतपूर्व अनुसंधान प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जिसका शीर्षक है फोर्जिंग द पास्ट: कोणार्क सूर्य मंदिर में प्रयुक्त लौह बीम के निर्माण की जांच और उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण स्थानीय समुदाय पर, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत भारतीय ज्ञान प्रणाली (आइकेएस) द्वारा चुना गया है।

2022-23 के लिए प्रतिष्ठित भारतीय ज्ञान संवर्धन योजना के प्रतिस्पर्धी अनुदान कार्यक्रम के तहत, आइआइटी भुवनेश्वर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शुभांकर पति के नेतृत्व वाली परियोजना ने कोणार्क सूर्य मंदिर में लौह बीम के निर्माण के तरीकों को उजागर करने के लिए अपनी खोज के लिए धन सुरक्षित किया है। भारत की समृद्ध लेकिन भुला दी गयी तकनीकी क्षमता पर प्रकाश डालता है। यह पहल, अंतः विषय अनुसंधान को बढ़ावा देने और खोई हुई प्रौद्योगिकी को पुनर्जीवित करने के आइकेएस के मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय ज्ञान संवर्धन योजना के दृष्टिकोण के साथ सहजता से संरेखित है। परियोजना के प्रमुख डॉ पति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किया गया अध्ययन प्रकृति में गैर-विनाशकारी होगा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोणार्क के ऐतिहासिक लौह बीमों में कोई भौतिक परिवर्तन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा, इस परियोजना में प्राचीन तकनीकी ज्ञान का अध्ययन, पुरातात्विक पहलुओं का विश्लेषण और सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन शामिल है, जिससे भविष्य में एक प्राचीन लोहा बनाने वाली प्रयोगशाला का पुनर्निर्माण किया जा सकेगा। किसी भी लापता लिंक को खोजने के लिए पिछले रिकॉर्ड को भी फिर से देखा जायेगा। आइआइटी भुवनेश्वर से डॉ नरेश चंद्र साहू और डॉ पार्थसारथी डे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के डॉ शिव शंकर पांडा इस परियोजना में सह-जांचकर्ता के रूप में शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रोफेसर ओ.एन. मोहंती, पूर्व प्रोफेसर, आइआइटी खड़गपुर, और डॉ डीबी इस शोध में एएसआइ से गार्नायक सहयोगी के रूप में शामिल हुए हैं। परियोजना की प्रगति पर एक उल्लेखनीय अद्यतन में, पोर्टेबल मशीन का उपयोग करके साइट पर किए गये संक्षारण अध्ययन से आशाजनक परिणाम मिले हैं।

कोणार्क लौह बीम ने समकालीन स्टील बीम की तुलना में लगभग दो ऑर्डर अधिक संक्षारण प्रतिरोध प्रदर्शित किया। भले ही लोहे के बीम में लचीलापन और वेल्डेबिलिटी जैसे कुछ गुणों की कमी हो, डॉ पति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के अतीत की तकनीकी प्रगति से अमूल्य सबक सीखे जा सकते हैं। यह शोध न केवल आइकेएस के मिशन में योगदान देता है बल्कि भारत के लिए अपने ऐतिहासिक तकनीकी गौरव को पुनः प्राप्त करने की क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। आइआइटी भुवनेश्वर टीम, सह-जांचकर्ताओं और सहयोगियों के साथ, इस अमूल्य ज्ञान को संरक्षित और प्रसारित करने के लिए समर्पित है।

## डीजीपी कैंप कार्यालय में बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गयी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** डीजीपी कैंप कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक। बैठक की अध्यक्षता डीजीपी कर रहे हैं। एडीजी मुख्यालय के आरके शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। खबरों के मुताबिक, सोमवार को दोपहर में डीजीपी कैंप कार्यालय में एक अहम बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जहां डीजीपी ने की, वहीं एडीजी मुख्यालय आरके शर्मा मौजूद थे। इसके बाद माओवादी क्षेत्र के एसपी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक हुई। हालांकि इस बैठक में माओवादी गतिविधियों की रोकथाम, नक्सली दमन और कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा चल रही है। चुंकि आगे बड़ा दिन और नया साल आगे आ रहा है, विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी उसकी भी चर्चा हो रही है। इस बीच, शनिवार को जाजपुर की अपराध शाखा द्वारा पकड़े गये संदिग्ध ईशान बुखारी के संबंध में कुछ बड़े फैसले लिए जाने की संभावना है।

## बजाज ऑटो ने पल्सरमेनिया मास्टर्स एडिशन के नेशनल फिनाले का आयोजन किया

# एक लाख से अधिक दर्शकों ने 100 शहरों में आयोजित की बाइकिंग प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित दोपहिया और तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो ने पल्सरमेनिया: मास्टर्स एडिशन का आयोजन किया, 100 शहरों में आयोजित इस प्रतियोगिता को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 25 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1 लाख से अधिक दर्शकों ने इसका आनंद उठाया। मंबई में नेशनल फिनाले ने उपस्थितगणों को रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान किया, और साथ ही सर्वश्रेष्ठ राइडरों को पल्सर पर अपनी मास्टरी, सटीकता और जुनून की जांच करने का मौका मिला। एलिमिनेशन स्टाइल के फोर्मेट ने प्रतियोगिता के रोमांच को कई गुना बढ़ा दिया और सुनिश्चित किया कि सबसे कुशल राइडर ही विजेता घोषित किए जाएं। रोमांच से भरपूर प्रतियोगिता एंटरटेनमेन्ट का बेहतरीन मिश्रण साबित हुई, जहां भारत के जाने-माने कलाकारों के परफोर्मेन्सेज, हैरतअंगेज करने वाले स्टंट शोज, शानदार स्ट्रीट कल्चर स्टेशन और एक्सक्लुजिव ब्रांड कोलाबोरेशन्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन मोटरसाइक्लिंग और लाईफस्टाइल कम्युनिटीज का अनूठा संयोजन था। पल्सरमेनिया- मास्टर्स एडिशन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि इसने पलसर ब्रांड के साथ दर्शकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान किया। इस आयोजन के बारे में बात करते हुए सारंग कनाडे (प्रेजीडेन्ट, मोटरसाइकिल बिजनेस) बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, पिछले बाईस सालों में हमने देश भर में पल्सरमेनियक्स की जबरदस्त फॉलोइंग बनाई है, जो बाईक के सटीक इंजीनियर्ड डीएनए और इसके एटीट्यूड के लिए इसे खूब पसंद करते हैं। पल्सरमेनिया मास्टर्स एडीशन में 100 से अधिक शहरों से राइडरां ने हिस्सा लिया। हमने हर किसी को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए कार्यक्रमों की एक रेंज क्यूरेट की है, फिर चाहे वे शौकीन राइडर हों, मोटरस्पोर्ट प्रशंसक या स्टाइल और संस्कृति के प्रशंसक।

## आइएसआइएस नेटवर्क केस में चार राज्यों में एनआइए की रेड

# झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र और दिल्ली में 19 लोकेशंस पर छापेमारी, 8 एजेंट गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली/ रांची।** एंटी-टेरर एजेंसी एनआइए ने सोमवार सुबह चार राज्यों की 19 लोकेशन पर छापेमारी की। ये रेड आइएसआइएस नेटवर्क केस के तहत की गयी। इन 19 लोकेशन में कर्नाटक की 11, झारखंड की 4, महाराष्ट्र की 3 और दिल्ली की एक लोकेशन शामिल है। इस दौरान प्रतिबंधित आइएसआइएस के आठ एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया। ये एजेंट आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कार्यों और आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल हैं। गिरफ्तार किये गये लोगों में बेल्लारी के मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान सैयद समीर, मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी, मोहम्मद मुजम्मिल, दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन, और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डु शामिल हैं। ये सभी मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे। गौरतलब है कि बीते हफ्ते एनआइए ने महाराष्ट्र की 43 लोकेशन पर रेड डालकर 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किया एक आरोपी आइएसआइएस मॉड्यूल का लीडर था और इस मॉड्यूल में नये लोगों को भर्ती करने का काम करता था। उसका नाम साकिब नचान बताया जा रहा है। रेड के दौरान एनआइए ने बड़ी मात्रा में कैश, हथियार, नुकीले औजार, संवेदनशील दस्तावेज और कई डिजिटल डिवाइस मिले थे। अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार किया गया आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहा था और देश में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था।

### जम्मू कश्मीर और लद्दाख में भूकंप

**जम्मू।** जम्मू, श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़, कारगिल समेत दोनों प्रदेशों के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे। एक घंटे के भीतर चार बार धरती कांपी। झटके की तीव्रता 3.8 रही।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00–10.00 से दोपहर: 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
Adding value since 2009
Distributors : bathsense, ESSESS, Flowkem, Glocera, m-seal, ASTRAL, Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**